प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक    केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी



देश हुआ नक्सलवाद से मुक्त! मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धि पेज- 2

www.newswani.in

पति की बेवफाई पर पेज-6 एसपी से की शिकायत

वर्ष : 15 अंक : 101    गुरुवार 02 अप्रैल 2026    डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106    पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## शिवकुमार स्वामी जैसे संत समाज की आत्मा को आकार देते हैं : द्रौपदी मुर्मू

(एजेंसी) नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि शिवकुमार स्वामी जैसे संत समाज एवं राष्ट्र की आत्मा को आकार देते हैं तथा उनकी आध्यात्मिक विरासत उनके देहावसान के बाद भी देश का पोषण करती रहती है। अपने अनुयायियों के बीच त्रिविध दासोही (भोजन, आश्रय और शिक्षा) के लिए प्रसिद्ध शिवकुमार स्वामी सिद्धगंगा मठ के पीठाधीश्वर थे। उनका 21 जनवरी 2019 को 111 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। राष्ट्रपति ने कहा कि परिश्रम, लोकसेवा और राष्ट्रसेवा परस्पर जुड़े हुए हैं तथा आध्यात्मिकता इन दोनों के लिए एक मजबूत और स्थायी आधार प्रदान करती है। यहां श्री सिद्धगंगा मठ में संत की 119वीं जयंती और गुरुवंदना समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, ष्मेरा मानना है कि श्री शिवकुमार स्वामीजी जैसे संत हमारे समाज और राष्ट्र की आत्मा



को आकार देते हैं। उनका भौतिक शरीर वर्ष 2019 में पंचतत्व में विलीन हो गया, लेकिन उनकी विरासत आज भी समाज और देश का पोषण कर रही है। मुर्मु ने कहा कि गरीबों और वंचितों की सेवा को समर्पित संत का जीवन कल्याणकारी गतिविधियों के माध्यम से आध्यात्मिकता की अभिव्यक्ति का एक अद्वितीय उदाहरण है। राष्ट्रपति ने कहा, उन्होंने अपनी आध्यात्मिक साधना के माध्यम से कई वर्षों तक मानवता को समृद्ध किया। गरीबों और वंचितों की सेवा को समर्पित उनका जीवन तथा कल्याणकारी कार्यों के जरिए आध्यात्मिकता की अभिव्यक्ति एक अनूठा उदाहरण है। मठ की गतिविधियों की सराहना करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, कहा जाता है कि इस मठ के माध्यम से बड़ी संख्या में ग्रामीण बच्चों के लिए निःशुल्क भोजन, आवास और शिक्षा की व्यवस्था की जाती है, जो अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने शिक्षा को विकास की कुंजी बताते हुए कहा कि वंचित और गरीब बच्चों को शिक्षा प्रदान करना देश का भविष्य निर्माण करना और राष्ट्र के विकास को आगे बढ़ाना है। राष्ट्रपति ने कहा, ष्मुझे विशेष प्रसन्नता है यह जानकर हुई कि प्राथमिक विद्यालय से लेकर इंजीनियरिंग और प्रबंधन में उच्च शिक्षा तक की व्यवस्था इस मठ द्वारा की गई है। इस उद्देश्य के लिए अनेक शैक्षणिक संस्थान स्थापित किए गए हैं। राष्ट्रपति ने संस्थान से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रयासों को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा, मुझे यह भी बताया गया है कि श्री सिद्धगंगा अस्पताल आम जनता को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है, जिसकी स्थापना शिवकुमार स्वामी ने की थी। उन्होंने यह भी कहा कि यह मठ सेवा और आध्यात्मिकता की एक दीर्घ परंपरा को आगे बढ़ा रहा है। मुर्मू ने कर्नाटक की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रदेश लोकसेवा, राष्ट्रसेवा, आध्यात्मिकता और आधुनिक प्रगति के सबसे प्रभावी उदाहरणों में से एक को प्रस्तुत करता है। उन्होंने राष्ट्र–निर्माण में योगदान के लिए राज्य के लोगों को बधाई दी।

## कांग्रेस असम में घुसपैठियों की रक्षा के लिए कानून लाने की कोशिश कर रही : प्रधानमंत्री

(एजेंसी) धेमाजी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि अगर कांग्रेस असम में सत्ता में आई तो वह घुसपैठियों की रक्षा के लिए कानून लाएगी लेकिन भारतीय जनता पार्टी



(भाजपा) और उसके सहयोगी ऐसा नहीं होने देंगे। मोदी ने धेमाजी जिले के गोगामुख में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस का मकसद बहुसंख्यक समुदाय को अल्पसंख्यक में बदलना और घुसपैठियों का एक स्थायी वोट बैंक बनाना है। प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस नेता खुलेआम कह रहे हैं कि वे घुसपैठियों की रक्षा के लिए असम में नया कानून लाएंगे और वे उनका खुलकर समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस पर देश को उसी तरह बांटने का आरोप लगाया जैसा विभाजन के दौरान मुस्लिम लीग ने किया था। मोदी ने कहा, कांग्रेस ने बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा तैयार किए गए संविधान पर भी छुरा घोंपा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर भाजपा फिर सत्ता में आई तो वह असम की पहचान की रक्षा के लिए समान नागरिक संहिता लागू करेगी और छठी अनुसूची के तहत जनजातीय समुदायों की सुरक्षा करेगी। उन्होंने कहा, भाजपा के 10 साल के शासन ने असम में सेवा और सुशासन के नए दौर की शुरुआत की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी लोग कह रहे हैं कि केवल भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ही असम में आधुनिक बुनियादी ढांचा तैयार कर सकता है। उन्होंने कहा,भाजपा लोगों के आशीर्वाद से असम चुनाव में हैट्रिक लगाएगी जबकि कांग्रेस चुनावों में हार का शतक लगाएगी।

## चाय बागान में पीएम मोदी का अनोखा अंदाज, पत्तियां तोड़ते हुए महिलाओं संग की बात, खिंचवाई सेल्फी

(एजेंसी) गुवाहाटी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को असम के डिब्रूगढ़ जिले में एक चाय बागान का दौरा किया और वहां काम कर रहीं महिला श्रमिकों से बातचीत



की। मोदी भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में दो चुनावी रैलियों को संबोधित करने के लिए राज्य के एक दिवसीय दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री ने मनोहारी टी इस्टेट का दौरा करने के बाद सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, हम हर चाय जनजाति परिवार के प्रयासों पर अत्यंत गर्व महसूस करते हैं। उनकी कड़ी मेहनत और लगन ने असम के गौरव को बढ़ाया है। मोदी को महिलाओं के एक समूह के साथ चाय की पत्तियां तोड़ते हुए भी देखा गया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच पर एक अन्य पोस्ट में कहा, चाय की पत्तियां तोड़ने के बाद महिलाओं ने अपनी संस्कृति के बारे में बात की और अंत में एक सेल्फी भी ली! प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि ये डिब्रूगढ़ के एक चाय बागान की कुछ झलकियां हैं। असम विधानसभा चुनाव 2026 को लेकर राज्य में सियासी पारा चढ़ गया है। 126 सीटों वाली इस विधानसभा के लिए मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन और विपक्षी 'असम सम्मिलित मोर्चा' के बीच होने वाला है। चुनाव आयोग के अनुसार, असम की सभी 126 सीटों पर एक ही चरण में 9 अप्रैल 2026 को मतदान होगा, जबकि नतीजों की घोषणा 4 मई 2026 को की जाएगी। सत्ताधारी एनडीए की ओर से मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में भाजपा करीब 90 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसके सहयोगी असम गण परिषद को 25 और बोडोलैंड पीपल्स फ्रंट को 11 सीटें दी गई हैं। दूसरी तरफ, कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन 'असम सम्मिलित मोर्चा' ने भी पूरी तैयारी कर ली है। कांग्रेस खुद लगभग 100 सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही है और अब तक 94 से अधिक उम्मीदवारों के नाम घोषित कर चुकी है। गठबंधन के अन्य दल रायजोर दल और असम जातीय परिषद भी अपने कोटे की सीटों पर उम्मीदवार उतार रहे हैं। इन दो प्रमुख गठबंधनों के अलावा बदरुद्दीन अजमल की एआईयूडीएफ, आम आदमी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस भी चुनावी मैदान में हैं, जिससे कई सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय होने की संभावना है।

## सीएम योगी ने सपा पर साधा निशाना

### कहा- पिछली सरकारें गंदगी में डूबी थीं, अब है स्वच्छता और विकास

(एजेंसी) लखनऊ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ में पर्यावरण अनुकूल कचरा प्रबंधन वाहनों के एक बेड़े को हरी झंडी दिखाते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखा हमला बोला और कहा कि उनकी सरकार ने राज्य से कचरे की राजनीति को हटा दिया है। मुख्यमंत्री लखनऊ में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को मजबूत करने के उद्देश्य से लगभग 250 इलेक्ट्रिक और सीएनजी से चलने वाले वाहनों को हरी झंडी दिखाने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। आदित्यनाथ ने कहा, हमने और उत्तर प्रदेश के लोगों ने कचरे की राजनीति को उखाड़ फेंका है। पहले, शासन और सोच दोनों गंदगी से भरे हुए थे, जिससे गंदगी और बीमारियां फैलती थीं। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले पिछली सरकारों के कामकाज के कारण घर–घर कचरा उठाने जैसी प्रभावी कचरा संग्रहण प्रणाली संभव नहीं थी। उन्होंने अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती सरकार पर स्पष्ट रूप से निशाना साधते हुए कहा, श्पहले सत्ता में रहने वाले लोग



खुद गंदगी में डूबे हुए थे। उनके कार्य और सोच उसी को प्रतिबिंबित करते थे, जिसके परिणामस्वरूप इंसेफ्लाइटिस, डेंगू, मलेरिया और फाइलेरिया जैसी बीमारियां फैल गईं। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता मानकों में सुधार के लिए डबल इंजन सरकार को श्रेय दिया और कहा कि लखनऊ अब पिछले नौ वर्षों में स्वच्छता रैंकिंग में देश के शीर्ष तीन शहरों में शामिल हो गया है। आदित्यनाथ ने कहा कि नए इलेक्ट्रिक वाहन कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद करेंगे और बेहतर अपशिष्ट निपटान प्रणाली सुनिश्चित करते हुए नेट जीरो लक्ष्य प्राप्त करने में योगदान देंगे। उन्होंने पिछली सरकारों की तुलना में मौजूदा स्थिति की तुलना करते हुए शहरी बुनियादी ढांचे में बदलाव पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पहले के शासनकाल में अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण पुरानी हैलोजन स्ट्रीट लाइट्स को प्राथमिकता दी जाती थी, जबकि उनकी सरकार ने 24 घंटे बिजली सुनिश्चित की और शहरों में उनकी जगह ऊर्जा–कुशल एलईडी लाइट्स लगाईं। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य भर में 16 लाख से अधिक एलईडी स्ट्रीट लाइट्स लगाई गई हैं, जिससे शहर अच्छी तरह से रोशन और सुरक्षित हो गए हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर रोशनी से सुरक्षा और शहरी सौंदर्य में वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में लखनऊ में तेजी से विकास हुआ है, जिसमें मेट्रो सेवाओं का विस्तार, बेहतर सड़क कनेक्टिविटी, जल निकासी व्यवस्था और नागरिक सुविधाएं शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि लखनऊ, कानपुर, आगरा, मेरठ, गाजियाबाद और नोएडा सहित कई शहरों में अब मेट्रो कनेक्टिविटी है, प्रतिदिन एक लाख से अधिक यात्री लखनऊ मेट्रो का उपयोग करते हैं। नवीकरणीय ऊर्जा पहल पर प्रकाश डालते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या को सौर शहर के रूप में विकसित किया गया है, जबकि लखनऊ में भी इसी तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में 4.25 लाख से अधिक घरों को छत पर सौर पैनल से सुसज्जित किया गया है, जिससे लगभग 1,500 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि लखनऊ इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण के केंद्र के रूप में उभर रहा है और अशोक लीलैंड तथा टाटा जैसी कंपनियां शहर में अपने परिचालन का विस्तार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वच्छता और सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों से इन्सेफलाइटिस, डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों पर अंकुश लगाने में मदद मिली है, जो पहले व्यापक थीं। आदित्यनाथ ने कहा, जब नागरिक स्वस्थ होते हैं, तो समृद्धि आती है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब देश की अर्थव्यवस्था के प्रमुख विकास इंजन के रूप में उभरा है। इस कार्यक्रम में महापौर सुषमा खर्कवाल और शहरी विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा भी मौजूद रहे।

## पंजाब की सियासत में बड़ा फेरबदल, आप के पूर्व नेता एच.एस. फूलका भाजपा में शामिल

(एजेंसी) नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता और आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व नेता एच. एस. फूलका बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। वह खासकर इस बात के लिए जाना जाता है कि उन्होंने 1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों का प्रतिनिधित्व किया था। फूलका का भाजपा में शामिल होने को पार्टी के लिए एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि वह अगले साल होने वाले पंजाब विधानसभा चुनाव में राज्य में आम आदमी पार्टी की सरकार को सत्ता से हटाने की तैयारी कर रही है। फूलका केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, भाजपा महासचिव तरुण चुघ, पार्टी की पंजाब इकाई के प्रमुख सुनील जाखड़ और पार्टी मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुए। फूलका का भाजपा में स्वागत करते हुए पुरी ने कहा, ष्उनके शामिल होने से पार्टी और पंजाब में हमारे प्रयासों को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने फूलका के शामिल होने को न्याय और जवाबदेही के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण योगदान बताया। उन्होंने दंगों के पीड़ितों को न्याय दिलाने में उनके योगदान का उल्लेख किया। फूलका ने कहा कि भाजपा ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों के लिए उनकी कानूनी लड़ाई में साथ दिया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के शासन में पंजाब जिन चुनौतियों का सामना कर रही है उनका समाधान केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा ही सकती है। फूलका ने कहा, प्रधानमंत्री ने सिख मुद्दों में व्यक्तिगत रुचि दिखाई है। 1984 के दंगों पर मेरे काम के कारण उन्होंने हमेशा मेरे प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि मदन लाल खुराना, सुषमा स्वराज और विजय कुमार मल्होत्रा जैसे नेताओं ने इस मुद्दे का समर्थन किया और भाजपा, विशेष रूप से दिल्ली में, इस मुद्दे को ऐसे लड़ा जैसे यह उनका अपना मुद्दा हो। फूलका ने कहा,चूंकि भाजपा ने इस मुद्दे पर बहुत कुछ किया, इसलिए मैंने भी अपनी तरफ से यथासंभव योगदान दिया। मैंने बिना कोई पद संभाले पार्टी की कानूनी



टीम का नेतृत्व किया। 2003 से 2013 तक, निर्वाचन आयोग में अपने पद से इस्तीफा देने के बाद, मैंने चुनावों में उनके कानूनी प्रयासों का मार्गदर्शन किया। इसीलिए मैंने औपचारिक रूप से पार्टी में शामिल होने का फैसला किया है। फूलका ने 2014 का लोकसभा चुनाव पंजाब के लुधियाना से श्आपश उम्मीदवार के रूप में लड़ा था लेकिन वह कांग्रेस के रवनीत सिंह बिट्टू से हार गए थे। बिट्टू अब भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री हैं। फूलका ने 2017 में पंजाब की दाखा विधानसभा सीट से जीत दर्ज की थी। वह 2017 में करीब तीन महीने तक पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता भी रहे। इसके बाद उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय में 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े मामलों की पैरवी करने के लिए यह पद छोड़ दिया। बुधवार को फूलका ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल होना उनकी गलती थी। उन्होंने कहा, 2014 में, भ्रष्टाचार के खिलाफ बढ़ते आक्रोश को देखते हुए, मुझे लगा था कि यह पार्टी देश को बदलने के लिए आई है। लेकिन अंदर जाकर मुझे एहसास हुआ कि हालात अलग हैं। उनसे जुड़ना एक गलती थी। पंजाब को लेकर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि राज्य कई संकटों का सामना कर रहा है। फूलका ने कहा, आज पंजाब की हालत देखकर मुझे दुख और अपराधबोध होता है कि मैं अब तक इससे दूर रहा। स्थिति बेहद गंभीर हैकृकानून व्यवस्था की समस्या, जबरन वसूली, व्यापक भ्रष्टाचार, नशीली दवाओं का सेवन और गहरा कृषि संकट। यदि पंजाब को पटरी पर वापस लाना है तो वह केवल भाजपा ही कर सकती है। सन 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों को लेकर कांग्रेस को निशाना बनाते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि ये हत्याएं कांग्रेस के शासनकाल के दौरान हुईं और एक बड़ी साजिश का हिस्सा थीं।

## ममता बनर्जी को सता रहा नए अधिकारियों का डर, टीएमसी उम्मीदवारों से कहा- नामांकन भरते समय सतर्क रहें

(एजेंसी) कोलकाता। टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने बुधवार को आरोप लगाया कि चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त नए अधिकारियों को उनकी पार्टी के उम्मीदवारों के नामांकन खारिज करने की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने टीएमसी प्रत्याशियों से नामांकन दाखिल करते समय विशेष सावधानी बरतने की अपील की। गौरतलब है कि बंगाल में चुनाव एलान के बाद बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। बीरभूम जिले के नानूर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा, सब कुछ बदल दिया गया है, यहां नया सेटअप है। चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त नए अधिकारी आपके नामांकन खारिज करने के लिए लगाए गए हैं, इसलिए नामांकन भरते समय सतर्क रहें। उन्होंने भाजपा पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पार्टी राजनीतिक फायदे के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। मुख्यमंत्री ने खासकर महिलाओं से भाजपा को वोट न देने की अपील करते हुए कहा, वे (भाजपा) महिला विरोधी हैं, इसलिए एसआईआर में गलती का हवाला देकर उनके नाम हटाए जा रहे हैं। इससे पहले बुरवान में एक अन्य रैली में ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा ग्रामीण इलाकों में लोगों से नकद पैसे देने के नाम पर उनके बैंक खाता नंबर मांग रही है। उन्होंने लोगों से ऐसी जानकारी साझा न करने की सलाह दी। राज्य की 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को होंगे, जबकि मतगणना 4 मई को होगी। ममता बनर्जी अपनी रैलियों में भाजपा



पर जमकर निशाना साध रही हैं। खासकर एसआईआर को लेकर वे खासी हमलावर हैं। हाल ही में बेलदा में एक रैली में ममता बनर्जी ने कहा था कि भाजपा चुनाव खत्म होते ही गैस और कैश देना बंद कर देगी। ममता बनर्जी ने भाजपा पर समाज को बांटने का गंभीर आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा समाज के विभिन्न वर्गों के बीच नफरत और झगड़े पैदा कर रही है। मुख्यमंत्री के अनुसार, भाजपा इस तनावपूर्ण स्थिति का फायदा उठाकर देश को लूटना चाहती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भाजपा के बहकावे में न आएं। ममता बनर्जी ने साफ किया कि भाजपा केवल सत्ता के लिए लोगों को आपस में लड़ाने का काम कर रही है और चुनाव के बाद वह अपने वादों से मुकर जाएगी।

# सम्पादकीय

## यूरोपीय देशों पर ट्रंप की खीझ

ईरान के साथ चल रही इजरायल की जंग में क्या अब अरब देशों की भी एंट्री होने वाली है? मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि ऐसा इसलिए क्योंकि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का कहना है कि अरब देशों के नेताओं के साथ नए गठबंधन बन रहे हैं, जो हमारी तरफ से मिलकर लड़ने की बात कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि नेतन्याहू ने यह बात कैबिनेट के साथ हुई बैठक में कही।



नफीस जाफरी

नेतन्याहू का यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका–इजरायल और ईरान की जंग को एक महीने से ज्यादा हो गया है और खाड़ी देशों पर ईरानी हमले जारी हैं। एक दिन पहले इजरायली राजदूत ने भी दावा किया था कि खाड़ी देश इजरायल से मदद मांग रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, नेतन्याहू ने कहा, पहले मैंने अरब नेताओं के साथ सीक्रेट टॉक की थी। मैंने उनसे कहा था कि जैसे ही ईरान को मौका मिलेगा, वह आप पर कब्जा कर लेगा और आपकी सत्ता को उखाड़ फेंकेगा। उस समय उन्होंने मेरी बात को गंभीरता से नहीं लिया था। लेकिन आज वे इस बात को समझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम अरब देशों के साथ ऐसे गठबंधन बना रहे हैं जो हमारे साथ मिलकर लड़ने की बात कर रहे हैं। तो वहीं दूसरी ओर ईरान से चल रहे जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूनाइटेड किंगडम और फ्रांस पर बुरी तरह से भड़के नजर आ रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट पर दोनों देशों के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की है। पोस्ट में ट्रंप ने चेतावनी भरे लहजे में यह भी लिखा कि अब आपको अपने लिए खुद लड़ना सीखना होगा। यूनाइडेट किंगडम के लिए ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा– अब आपको अपने लिए खुद लड़ना सीखना होगा। अब आपकी मदद के लिए वहां मौजूद नहीं रहेग। ठीक वैसे ही, जैसे आप हमारे लिए मौजूद नहीं थे। वहीं फ्रांस के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ने लिखा– ईरान के मामले में फ्रांस का रवैया बेहद असहयोगी रहा है। इसे याद रखेगा। डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा– वे सभी देश जिन्हें होर्मुज स्ट्रेट की वजह से जेट यूल नहीं मिल पा रहा है– जैसे कि यूनाइटेड किंगडम, उनके लिए मेरे पास सुझाव है। वे हमसे से खरीदें; हमारे पास इसकी कोई कमी नहीं है। या फिर थोड़ी हिम्मत जुटाएँ, उस जलडमरूमध्य तक जाएं, और बस उसे ले लें। अपने एक दूसरे पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फ्रांस पर भड़के नजर आए। उन्होंने लिखा– फ्रांस ने इजरायल जा रहे उन विमानों को अपने क्षेत्र के ऊपर से उड़ने की अनुमति नहीं दी, जो सैन्य साजो–सामान से लदे हुए थे। ईरान के कसाई के मामले में फ्रांस का रवैया बेहद असहयोगी रहा है, जिसे सफलतापूर्वक खत्म कर दिया गया है। अमेरिका इसे याद रखेगा!!! मालूम हो कि ईरान से चल रहे जंग के बीच ट्रंप का नाटो के देशों से नाराजगी की असल वजह यह है कि कई देश इस जंग में अमेरिका का साथ नहीं दे रहे। फ्रांस ने इजरायल जा रहे विमानों को अपना एयर स्पेस यूज नहीं करने दिया। साथ ही फ्रांस ने यह भी कहा कि ईरान के मामले में जंग की जरूरत नहीं थी। इसे शांति से निपटाया जा सकता था। दूसरी ओर यूनाइटेड किंगडम ने भी अमेरिका का खुलकर साथ नहीं दिया है। अब इटली और स्पेन ने भी अमेरिका का साथ देने से इंकार किया है। ऐसे में ट्रंप इस जंग में अकेले पड़ गए हैं। जिसकी खीझ उनके बयानों में साफ नजर आ रही है।

# अतार्किक एवं दुर्भावना से प्रेरित

जिस दौर में ये शिकायत पहले से है कि कुछ कानूनी एवं अन्य विवादित मसलों का इस्तेमाल व्यापार एवं विदेश नीति में भारत सरकार को झुकाने के लिए किया गया है, ताजा रिपोर्ट डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन का एक और हथियार बन सकती है।

अमेरिका का अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (यूएससीआईआरएफ) वैसे तो पिछले कई वर्ष भारत को शविशेष चिंता की श्रेणी वाले देशोंय की सूची में डालने की सिफारिश करता रहा है, लेकिन इस वर्ष वह कुछ ज्यादा आगे बढ़ गया है। उसने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ–साथ भारत की बाहरी खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) पर भी प्रतिबंध लगाने की सिपारिश कर दी है। अनुमान लगाया जा सकता है कि पहले की तरह ही इस वर्ष भी अमेरिका सरकार इस सिफारिश को नजरअंदाज कर देगी। इसके बावजूद भारत को अमेरिका में उभरे ऐसे रुझानों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। इसलिए कि अमेरिका में प्रशासन चाहे किसी पार्टी का हो, ऐसी रिपोर्टों का इस्तेमाल वह अपने रणनीतिक एवं अन्य हितों को साधने के लिए करता है।

धार्मिक स्वतंत्रता, लोकतंत्र, मानव अधिकार आदि जैसे ऊंचे आदर्श अमेरिका के लिए डंडे की तरह हैं, जिनका उपयोग वह अपने मन–माफिक ना चलने वाले देशों पर दबाव बनाने के लिए करता आया है। इस रूप में यूएससीआईआरएफ जैसी उसकी संस्थाएं एक ऐसा हथकंडा हैं, जो दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में दखल के लिए अपनी सरकार को उसूल का आवरण प्रदान करती हैं। जिस दौर में ये शिकायत पहले से है कि कुछ कानूनी एवं अन्य विवादित मसलों का इस्तेमाल व्यापार एवं विदेश नीति में भारत सरकार को झुकाने के लिए किया गया है, ताजा रिपोर्ट डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन का एक और हथियार बन सकती है।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने रिपोर्ट को पूर्वाग्रह–ग्रस्त और तथ्यात्मक रूप से गलत बताया है, मगर यह विरोध की रस्म–अदायगी भर है। भारतीय हितों के लिहाज से रॉ को विवाद में लाने के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। इसलिए इस बारे में भारत को अमेरिका के सामने औपचारिक विरोध दर्ज कराना चाहिए। यह कहने का तात्पर्य ये नहीं है कि जिन संगठनों को यूएससीआईआरएफ को निशाना बनाया है, उसके साथ कोई समस्या नहीं है। मगर जो भी है, वह भारत के अंदर की बात है। वह भारत सरकार के सामने मौजूद मुद्दा है। इसका समाधान यहीं निकलेगा। अतरू अमेरिकी संस्थाओं का भारत पर प्रतिबंध की बात करना अतार्किक एवं दुर्भावना से प्रेरित माना जाएगा।

# देश हुआ नक्सलवाद से मुक्त! मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धि



गुलफिशा खान

2014 में सत्ता हासिल करने के बाद मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने कई ऐसे वादे पूरे किए, जिन्हें भाजपा ने चुनावी वादों के तौर पर जनता के सामने रखा था। बीते 12 सालों में इन मुद्दों पर लिए गए फैसले न सिर्फ संसद और अदालतों तक पहुंचे, बल्कि देश की राजनीति और सामाजिक बहस का मुद्दा भी बन गए। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण से लेकर अनुच्छेद 370 हटाने, तीन तलाक पर कानून, महिला आरक्षण और सीएए कानून जैसे कदमों को सरकार अपनी बड़ी उपलब्धियों के रूप में गिनाती रही है। ये बात अलग है कि इन फैसलों पर लोगों की राय अलग–अलग हो सकती है। मगर इतना तो तय है कि इन मुद्दों से देश की राजनीतिक दिशा और नीतिगत एजेंडे को नई दिशा मिली है। अब 31 मार्च 2026 को केंद्र की मोदी सरकार अपने एक बड़े वादे को पूरा कर लिया है। यह वादा है– नक्सल मुक्त भारत का। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सल मुक्त भारत के लिए 31 मार्च 2026 की डेडलाइन तय की थी। अमित शाह द्वारा यह समयसीमा तय किए जाने के बाद कई बड़े नक्सली कमांडरों ने सरेंडर किए, कई नक्सली कमांडर एनकाउंटर में मारे गए।

अब जब मोदी सरकार नक्सल मुक्त भारत का सपना साकार करते हुए एक बड़ी उपलब्धि हासिल करने जा रही है तो यह जानना मौजूं होगा कि बीते 12 साल में मोदी सरकार ने किन–किन बड़ी उपलब्धियों को हासिल किया, जिसका वादा कर भाजपा सत्ता में आई थी। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण वो वादा है, जिसने भाजपा को देश की सत्ता दिलाई। इसे भारत के कानूनी इतिहास का सबसे लंबा और चर्चित केस भी कहा जाता है। सालों तक इस मुद्दें पर विवाद भी रहा। लेकिन भाजपा शुरू से अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण को लेकर सबसे मुखर रही। साल 2019 में सुप्रीम कोर्ट का राम मंदिर पर ऐतिहासिक फैसला दिया। जिसके तहत पूरी विवादित ज़मीन राम मंदिर के लिए हिंदू याचिकाकर्त्ताओं को दे दी जबकि मस्जिद के लिए कहीं और जमीन आवंटित कर दी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद 5 अगस्त, 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की स्थापना करते हुए राम मंदिर का शिलान्यास किया। फिर 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में नागर शैली में निर्मित राम मंदिर का उद्घाटन किया गया, जो 200 वर्ष पुरानी गाथा के पूरा होने का प्रतीक था जिसने भारत के सामाजिक–राजनीतिक परि.श्य पर गहरा प्रभाव डाला। 1947 में भारत को आजादी तो मिली तो अंग्रेजों ने जाते–जाते कई गहरे जख्म भी दे दिए। जिसमें भारत का विभाजन, रियासतों का स्वतंत्र देश के रूप में रहना तक शामिल था। आजादी के बाद जम्मू–कश्मीर कुछ दिनों तक स्वतंत्र देश के रूप में रहा। लेकिन जब पाकिस्तान ने जम्मू–कश्मीर पर हमला कर दिया तब तत्कालीन सरकार ने वहां के राजा की एक अहम शर्त मानते हुए



जम्मू–कश्मीर को भारत में शामिल कराया। संविधान के धारा 370 के तहत जम्मू–कश्मीर को विशेष लाभ प्राप्त था, इससे कश्मीर विकास के मामले में लगातार पिछड़ता जा रहा था। 2014 के चुनाव से पहले भाजपा जम्मू–कश्मीर से धारा 370 समाप्त करने का वादा कर चुकी थी। जम्मू और कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाली भारतीय संविधान की धारा 370 को 5 अगस्त 2019 को समाप्त (निरस्त) कर दिया गया था। इस ऐतिहासिक फैसले के साथ ही राज्य का विशेष दर्जा खत्म हो गया और इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों. जम्मू–कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया गया। भारत में तीन तलाक (तलाक–ए–बिद्दत) एक साथ तीन बार शतलाकश बोलकर (या लिखकर/डिजिटल माध्यम से) पत्नी को तलाक देने की प्रथा थी, जिसे 1 अगस्त 2019 से अवैध और दंडनीय अपराध घोषित कर दिया गया है। मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019 के तहत यह 3 साल तक की जेल और जुर्माने वाला गैर–जमानती अपराध है। 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक घोषित किया था, जिसके बाद 2019 में कानून बनाकर इसे पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया। सजा का प्रावधान– तीन तलाक देने वाले व्यक्ति को 3 साल तक की कैद और जुर्माने की सजा हो सकती है। लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को आरक्षण का लाभ देने का मामला भी भारत में काफी लंबे समय से अटका था। इसे अलग–अलग समय पर अलग–अलग सरकारों ने लागू करवाने की कोशिश तो की, लेकिन सफलता मोदी सरकार को मिली। महिला आरक्षण बिल के इतिहास को देखें तो पिछले करीब तीन दशकों से यह बिल संसद के इस सदन से दूसरे सदन का चक्कर काट रही है। 1996 में पहली बार यूनाईटेड फ्रंट की सरकार के समय पहली बार यह बिल लाया गया था, मगर तब इसका जमकर विरोध हुआ। फिर 1998,1999, 2002, 2003 में भी इसे पास कराने की असफल कोशिश होती रही मगर आम राय नहीं बन पाया। महिला आरक्षण बिल नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप मोदी सरकार की तरफ से सितंबर 2023 में लाया गया और दोनों सदनों से पारित हुआ. किसी पार्टी ने इसका विरोध नहीं किया और नारी वंदन बिल लोकसभा में 454–0 और राज्यसभा में 214–0 से पास हुआ. अब 2029 के चुनाव से पहले महिला आरक्षण दिए जाने की योजना पर काम जारी है। वामपंथी उग्रवाद सालों तक भारत की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती हुआ करता थी। इसे भारत के कई दुश्मन देशों से भी मदद मिल रही थी। उत्तर में नेपाल की सीमा से लेकर दक्षिण में आंध्र प्रदेश तक आदिवासी, जंगली इलाकों में लाल आतंक का बोलबाला था। जिसमें छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश का बड़ा हिस्सा शामिल था। माओवादी प्रभाव ने भारत के एक बड़े हिस्से को सालों तक विकास के उजाले से दूर रखा। लेकिन अब भारत लगभग–लगभग नक्सल मुक्त हो चुका है। सरकार की ओर से अभी आधिकारिक घोषणा बाकी है। लेकिन 2013 में 126 जिलों तक फैला नक्सल मार्च 2025 तक में घटकर 18 रह गई। जिनमें से केवल 6 को ही सबसे अधिक प्रभावित के रूप में वर्गी.त किया गया है। इस बीच गृह मंत्री द्वारा 31 मार्च 2026 का डेडलाइन तय किए जाने के बाद बीत कुछ महीनों में भारत से बड़ी तेजी से नक्सलियों का अंत होना शुरू हुआ। लाल आतंक की समाप्ति के साथ–साथ छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश के जंगली और आदिवासी इलाकों में विकास की रतार तेज होगी। पड़ोसी देशों से अवैध तरीके से भारत में आए लोग भी भारत की आंतरिक सुरक्षा का एक बड़ा मुद्दा है। बांग्लादेश से सटे राज्यों में यह समस्या अति गंभीर है। इस समस्या से पार पाने के लिए मोदी सरकार ने 11 मार्च 2024 को नागरिकता संशोधन अधिनियम सीएए को अधिसूचित किया. जिसके तहत 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई शरणार्थियों को भारत की नागरिकता देने का कानून है। यह कानून धार्मिक उत्पीड़न के कारण आए प्रवासियों को नागरिकता के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा देता है। बाद में इस कानून पर काफी विवाद भी हुआ. लेकिन सरकार ने स्पष्ट किया कि यह कानून किसी भी भारतीय नागरिक की नागरिकता नहीं छीनता है। यह कानून नागरिकता प्रदान करने के लिए है, न कि रद्द करने के लिए। इसके माध्यम से लंबे समय से प्रताड़ित शरणार्थियों को सम्मानजनक जीवन और मूलभूत अधिकार मिलेंगे। यह कानून 2019 में संसद द्वारा पारित किया गया था, और अब इसके नियम जारी होने के बाद लागू हो गया है।

# बंगाल चुनाव-पेस के बहाने भाजपा ने खेला ''युवा कार्ड''



शबाब हुसैन

टेनिस के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी लिएंडर पेस ने भाजपा का दामन थाम लिया है। दिल्ली भाजपा मुख्यालय में वह पार्टी में शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू और सुकांत मजूमदार की मौदूजगी में उन्होंने भाजपा जॉइन की। बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले उनका भाजपा में शामिल होना काफी फायदमंद माना जा रहा है। बता दें कि लिएंडर ने पिछले दिनों भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन से उनके पश्चिम बंगाल दौरे पर मुलाकात की थी। इस दौरान उनके साथ सौमिक भट्टाचार्य भी मौजूद थे। बंगाल चुनाव के लिहाज से लिएंडर पेस का भाजपा जॉइन करना काफी अहम माना जा रहा है। दिल्ली भाजपा मुख्यालय में मंत्री किरन रिजिजू ने पूर्व टेनिस खिलाड़ी को भाजपा की सदस्यता वाली पर्ची दी. साथ ही फूलों का एक बुके देर पार्टी में उनका स्वागत किया। वहीं लिएंडर पेस ने हाथ जोड़कर उनका धन्यवाद करते नजर आए। भाजपा में शामिल होने की खुशी उनके चेहरे पर साफ दिखाई दे रही थी। बता दें कि लिएंडर पेस से पहले भी तमाम खिलाड़ी भाजपा में शामिल हो चुके हैं. कुछ ने तो चुनाव भी लड़ा और कुछ मंत्री और राज्यसभा सांसद भी बने। भाजपा में शामिल होने के बाद लिएंडर पेस ने कहा कि यह मेरे जीवन का बड़ा दिन है। मैं प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह और नितिन नवीन को धन्यवाद देना चाहता हूं। भाजपा ने मुझे इस देश के लोगों और युवाओं की सेवा करने का जो मौका दिया है। उसके लिए मैं उनका आभारी हूं। भाजपा की सदस्यता पर्ची मेरे ऊपर एक जिम्मेदारी है। लिएंडर के भाजपा में शामिल होने से भाजपा को बंगाल विधानसभा चुनाव में फायदा हो सकता है। क्यों कि बंगाल में उनका फैन बेस काफी अच्छा है। लोग उनको पसंद करते हैं। ऐसे में वह बड़े वोट बैंक को भाजपा से जोड़ने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। अगर भाजपा उनको उम्मीदवार बनाती है तो इसका असर शहरी वोटर्स पर जरूर देखने को मिल सकता है। युवा वोट भी भाजपा की तरफ आकर्षित होगा। युवाओं का वोट पर्सेंटेज बढ़ने से पार्टी को उसका फायदा मिल सकता है। वहीं जैसा कि उल्लेखनीय है कि भारत के महान टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने तृणमूल कांग्रेस के साथ पांच साल के जुड़ाव के बाद मंगलवार को भाजपा में शामिल होने का फैसला किया जिसके बाद राजनीति में आने वाले खिलाड़ियों पर फिर सभी का ध्यान आकर्षित हुआ। कुछ खिलाड़ी ऊंचे पदों पर पहुंचकर कैबिनेट मंत्री बन गए तो वहीं कुछ अन्य के चुनावों में मिलेजुले नतीजे रहे और वे अब भी अपना रास्ता तलाश रहे हैं। हालांकि, लिएंडर पेस ऐसे पहले दिग्गज नहीं है जो खेल जगत से राजनीतिक की पिच पर आए हैं। इस लिस्ट में मोहम्मद अजहरुद्दीन से लेकर गौतम गंभीर तक के नाम है। मोहम्मद अजहरुद्दीन रू भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान 2009 में कांग्रेस में शामिल हुए और उसी साल उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से लोकसभा सदस्य बने। लेकिन 2014 और 2024 में हुए अगले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। हैदराबाद क्रिकेट संघ के प्रमुख के तौर पर कुछ समय काम करने के बाद अजहर को तेलंगाना में रेवंत रेड्डी की सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाया गया जहां उन्हें सार्वजनिक उद्यम और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय का प्रभार सौंपा गया। नवजोत सिंह सिद्धू –भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कई पार्टियों भाजपा, कांग्रेस और उनकी अपनी पार्टी आवाज–ए–पंजाब के लिए काम किया। वह भाजपा के टिकट पर 2004 और 2009 के आम चुनाव जीते। लेकिन 2017 में कांग्रेस में शामिल हो गए और अमृतसर पूर्व विधानसभा सीट से चुनाव जीता। उन्हें 2022 के राज्य चुनावों में उसी सीट पर आप पार्टी के प्रतिद्वंद्वी ने हरा दिया। फिलहाल वह राजनीति से कुछ समय के लिए दूर हैं। मंसूर अली खान पटौदी – भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ने 1971 में विशाल हरियाणा पार्टी के बैनर तले चुनावी दुनिया में कदम रखा, लेकिन गुड़गांव सीट से उन्हें हार का सामना करना पड़ा। टाइगर ने बाद में 1991 में कांग्रेस के टिकट पर राजनीति के मैदान में वापसी की लेकिन भोपाल से जीत हासिल नहीं कर सके। 2011 में उनका निधन हुआ। राज्यवर्धन सिंह राठौड़ – इस शीर्ष निशानेबाज ने ओलंपिक में भारत के लिए निशानेबाजी का पहला रजत पदक जीता था। वह 2013 में भाजपा से जुड़े और 2014 के आम चुनावों में जयपुर से लोकसभा के लिए चुने गए। उन्होंने 2019 के चुनावों में भी जीत हासिल की। 2023 में उन्होंने राज्य की राजनीति का रुख किया और उसी साल चुनाव जीता जिसके बाद उन्होंने लोकसभा से इस्तीफा दे दिया। कर्णी सिंह – बीकानेर के अंतिम महाराजा कर्णी सिंह 1962 में काहिरा में आयोजित विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप में भारत के पहले पदक विजेता थे जहां उन्होंने रजत पदक जीता था। बाद में उन्होंने 25 वर्षों तक लोकसभा में एक स्वतंत्र सांसद के रूप में काम किया और 1952 से 1977 तक बीकानेर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया. 1988 में उनका निधन हुआ। साइना नेहवाल –दुनिया की पूर्व नंबर एक और लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली बैडमिंटन की इस दिग्गज खिलाड़ी 2020 में अपनी बहन के साथ भाजपा से जुड़ी लेकिन उन्होंने अभी तक चुनावों में अपनी किस्मत नहीं आजमाई है। गौतम गंभीर – दो बार की विश्व कप विजेता टीम के सदस्य और भारतीय टीम के मौजूदा कोच ने 2019 में भाजपा



के जरिए राजनीति में कदम रखा। इसी साल उन्होंने पूर्वी दिल्ली से आम चुनाव जीता। लेकिन 2024 में उन्होंने एक क्रिकेट कोच के तौर पर अपने खेल करियर को फिर से शुरू करने के लिए सक्रिय राजनीति से दूरी बना ली। कीर्ति आजाद – विश्व कप 1983 की विजेता टीम के सदस्य ने सबसे पहले भाजपा के जरिए राजनीति में कदम रखा और बिहार के दरभंगा से विधानसभा और लोकसभा चुनाव जीता। लेकिन 2015 में आजाद को वरिष्ठ नेता अरुण जेटली के साथ अनबन के चलते भाजपा से निलंबित कर दिया गया और बाद में वह 2019 में कांग्रेस में शामिल हो गए। 2021 में वह तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए और पश्चिम बंगाल के बर्धमान–दुर्गापुर निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल करके फिर से लोकसभा में पहुंचे। विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया रू दोनों कामयाब और उतने ही विवादित पहलवान रहे, दोनों 2024 में कांग्रेस पार्टी में एक साथ शामिल हुए। इससे पहले उन्होंने भारतीय कुश्ती महासंघ के तत्कालीन प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ जोरदार आंदोलन किया था। फोगाट ने जहां जुलाना निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल करके हरियाणा में विधायक का पद संभाला तो पार्टी ने पूनिया को अखिल भारतीय किसान कांग्रेस का प्रमुख नियुक्त किया। विजेंदर सिंह – बीजिंग ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले इस मुक्केबाज ने 2019 में कांग्रेस के जरिए राजनीति में कदम रखा, लेकिन उसी साल दक्षिण दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव हार गए। बाद में 2024 में वह भाजपा में शामिल हो गए। बाईचुंग भूटिया – भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान 2014 में तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए लेकिन दार्जिलिंग से आम चुनाव हार गए। हालांकि 2021 के बंगाल विधानसभा चुनावों के दौरान उन्होंने वाम मोर्चा का समर्थन किया। बाद में उन्होंने अपनी खुद की पार्टी 'हमारो सिक्किम बनाई, लेकिन चुनावों में कोई खास असर नहीं डाल पाए। बिरेन सिंह – बीएसएफ और मणिपुर के लिए खेल चुके इस फुटबॉलर ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत लोकतांत्रिक क्रांतिकारी जन पार्टी से की और राज्य चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे। बाद में उन्होंने कांग्रेस में शामिल होकर 2007 और 2012 में अपनी सीट बनाए रखी। लेकिन 2016 में वह भाजपा से जुड़े और 2017 के चुनाव में जीत हासिल कर मणिपुर के मुख्यमंत्री बने। उन्होंने यह उपलब्धि 2022 में भी दोहराई। लेकिन 2025 में राज्य में हुई जातीय हिंसा के बाद उनका सफर समाप्त हो गया। हरभजन सिंह – भारत के पूर्व स्पिनर दो विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे और उनके नाम 400 से ज्यादा टेस्ट विकेट दर्ज हैं। वह 2022 में आम आदमी पार्टी के साथ राजनीति में शामिल हुए। बाद में आपने उन्हें राज्यसभा के लिए नामित किया। चेतन चौहान – भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज खेल करियर के बाद भाजपा में शामिल हो गए। वह 1991 और 1998 में अमरोहा से सांसद रहे। लेकिन 1996, 1999 और 2004 में वे वहां से चुनाव हार गए। उन्होंने 2017 में राजनीति में वापसी की और नगावां सादात से उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव जीता। चौहान का निधन 2020 में हो गया। योगेश्वर दत्त – लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले दत्त 2019 में भाजपा में शामिल हुए और अब भी एक सक्रिय कार्यकर्ता हैं। दिलीप टिर्की – भारत के पूर्व हॉकी कप्तान 2012 में बीजू जनता दल में शामिल हुए और उन्हें राज्यसभा के लिए नामित किया गया।

लेकिन वह 2024 में सुंदरगढ़ निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव नहीं जीत पाए। कल्याण चौबे – भारत के पूर्व फुटबॉलर और वर्तमान में अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष 2015 में भाजपा के जरिए राजनीति में आए। 2019 के आम चुनावों में वह तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा से हार गए। वह 2021 और 2024 में बंगाल विधानसभा चुनाव भी हार गए। ज्योतिर्मय सिकदर – 1998 के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली यह दिग्गज एथलीट सीपीएम की ओर से 14वीं लोकसभा की सदस्य थीं। लेकिन 2009 के आम चुनावों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। 2019 में उन्होंने तृणमूल कांग्रेस को अपना समर्थन देने की घोषणा की लेकिन बाद में वह भाजपा में शामिल हो गईं।

# नेशनल हाईवे पर अटरिया का अवैध कट बना डेथ प्वाइंट

## – डामर से ज्यादा बहता है इंसानी खून

न्यूज वाणी ब्यूरो



अटरिया, सीतापुर। अटरिया कस्बा आज किसी विकास गाथा के लिए नहीं, बल्कि सड़कों पर बिछ रही लाशों के लिए सुर्खियों में है। नेशनल हाईवे पर नई बाजार और नीलगांव चौराहे के बीच स्थित एक अवैध कट राहगीरों के लिए मौत का जाल बन चुका है। स्थानीय लोग इसे कसाईखाना कहने लगे हैं, क्योंकि यहाँ आए दिन होने वाले हादसों ने कई घरों के चिराग बुझा दिए हैं। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। जिस किलर कट पर हर दूसरे दिन चीखें गूंजती हैं, उसे बंद करने के बजाय विभाग कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि यह महज तकनीकी खामी नहीं, बल्कि प्रशासनिक संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। प्रशासन के दोहरे मापदंड ने आग में घी डालने का काम किया है।यदि सिधौली तहसील चौराहे के अवैध कट्स को सुरक्षा का हवाला देकर तत्काल बंद किया जा सकता है, तो अटरिया के इस जानलेवा कट को किसके दबाव में खुला छोड़ा गया है? क्या अटरिया के नागरिकों की जान की कीमत किसी रसूखदार के व्यापारिक हितों से कम है? लहू से सनी सड़कें और सुलगते सवाल ग्रामीणों का आक्रोश अब सातवें आसमान पर है। चीख–पुकार और अपनों को खोने का गम अब श्संग्रामश की शक्ल ले रहा है। जनता सीधे सत्ता और विभाग से जवाब मांग रही है जवाबदेही किसकी? क्या इन मौतों की नैतिक जिम्मेदारी प्रोजेक्ट डायरेक्टर लेंगे? बार–बार चेतावनी के बाद भी कट बंद न करना क्या इरादतन हत्या की श्रेणी में नहीं आता? न्याय में भेदभाव क्यों? क्या अटरिया की जनता का जीवन सिधौली की तुलना में दोयम दर्जे का है? अटरिया की सड़कें अब डामर की नहीं, खून की स्याही से लिखी मौत की इबारत लगती हैं। हम कब तक अपनों के शव उठाते रहेंगे? एक पीड़ित ग्रामीण की अंतिम चेतावनीरू अब फाइलें नहीं, फैसला चाहिए! नई बाजार और नीलगांव चौराहे के पास रहने वाले ग्रामीणों ने अब आर–पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। क्षेत्र की जनता का स्पष्ट संदेश है.ष्यदि यह खूनी कट तत्काल बंद नहीं हुआ, तो हाईवे जाम होगा और उग्र आंदोलन की जिम्मेदारी सीधे प्रशासन की होगी। विकास के नाम पर बिछी ये लाशें किसी भी सभ्य समाज और व्यवस्था के माथे पर कलंक हैं। देखना यह है कि प्रशासन जागता है या एक और अर्थी उठने का इंतजार करता है।

# ट्रक ने बाइक सवार युवक को रौंदा, घर के चिराग की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोली, सीतापुर। जिले के महोली कोतवाली इलाके में आज एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे गांव को मातम में डुबो दिया। नेशनल हाईवे पर एक अनियंत्रित और तेज रतार ट्रक ने बाइक सवार युवक को इस कदर कुचला कि उसकी मौके पर ही सांसे उखड़ गईं। जानकारी



के मुताबिक कारीपार गांव निवासी प्रियांशु के घर पर निर्माण कार्य चल रहा था। वह उसी काम के सिलसिले में घर से बाइक लेकर पास के चौराहे पर मजदूर लेने के लिए निकला था। जैसे ही वह कारीपाकर गांव के पास नेशनल हाईवे पर पहुँचा, पीछे से आ रहे एक काल बने तेज रतार ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि प्रियांशु ट्रक के पहियों की चपेट में आ गया। अस्पताल पहुँचने से पहले ही थमी सांसें हादसे के बाद हाईवे पर चीख–पुकार मच गई। राहगीरों और परिजनों ने आनन–फानन में लहूलुहान प्रियांशु को जिला अस्पताल पहुँचाया, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। जवान बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया हैय माता–पिता और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। ट्रक जब्त घटना को अंजाम देने के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार होने में कामयाब रहा। सूचना मिलते ही महोली कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुँचकर स्थिति को संभाला। पुलिस ने दुर्घटना करने वाले ट्रक को कब्जे में ले लिया है। शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फरार चालक की तलाश के लिए टीमें लगा दी गई हैं, जल्द ही उसे गिरतार कर लिया जाएगा।


## विशेष रेलगाड़ियों के अतिरिक्त फेरों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेलयात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों के अतिरिक्त फेरों के संचालन का निर्णय लिया गया है, यह गाड़ी अपने पूर्व निर्धारित मार्ग, दिन, ठहराव एवं समय पर निम्न विवरण के अनुसार चलेगीः-

| गाड़ी सं. | कहाँ से | कहाँ तक | संचालन का दिन | प्रभावी तिथि से | प्रभावी तिथि तक |
|---|---|---|---|---|---|
| 03257 | दानापुर | आनन्द विहार (ट.) | रवि. | 05.04.26 | 12.07.26 (24.05.26 को छोड़कर) |
| 03258 | आनन्द विहार (ट.) | दानापुर | सोम. | 06.04.26 | 13.07.26 (25.05.26 को छोड़कर) |
| 03309 | धनबाद जं. | दिल्ली जं. | मंगल.व शनि. | 04.04.26 | 11.07.26 (23.05.26 को छोड़कर) |
| 03310 | दिल्ली जं. | धनबाद जं. | बुध.व रवि. | 05.04.26 | 12.07.26 (24.05.26 को छोड़कर) |
| 05219 | मुजफ्फरपुर | आनन्द विहार (ट.) | शुक्र. | 03.04.26 | 10.07.26 (22.05.26 को छोड़कर) |
| 05220 | आनन्द विहार (ट.) | मुजफ्फरपुर | शनि. | 04.04.26 | 11.07.26 (23.05.26 को छोड़कर) |
| 03293 | पटना जं. | नई दिल्ली | प्रतिदिन | 01.04.26 | 15.07.26 (21.05.26 से 24.05.26 को छोड़कर) |
| 03294 | नई दिल्ली | पटना जं. | प्रतिदिन | 02.04.26 | 16.07.26 (22.05.26 से 26.05.26 को छोड़कर) |
| 03639 | धनबाद जं. | शकूर बस्ती | सोम., शुक्र. | 03.04.26 | 13.07.26 (22.05.26 को छोड़कर) |
| 03640 | शकूर बस्ती | धनबाद जं. | मंगल., शनि. | 04.04.26 | 14.07.26 (23.05.26 को छोड़कर) |
| 02397 | शेखपुरा जं. | आनन्द विहार (ट.) | रवि. | 05.04.26 | 12.07.26 (24.05.26 को छोड़कर) |
| 02398 | आनन्द विहार (ट.) | शेखपुरा जं. | सोम. | 06.04.26 | 13.07.26 (25.05.26 को छोड़कर) |
| 03697 | शेखपुरा जं. | आनन्द विहार (ट.) | सोम., मंगल. शुक्र., शनि. | 03.04.26 | 14.07.26 (22.05.26 एवं 23.05.26 को छोड़कर) |
| 03698 | आनन्द विहार (ट.) | शेखपुरा जं. | मंगल., बुध., शनि., रवि. | 04.04.26 | 15.07.26 (23.05.26 एवं 24.05.26 को छोड़कर) |

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 724/26 (ADM)


# सीएमओ की उपस्थिति में लगा जनपद का पहला अंतरा सबक्यूटेनिअस इंजेक्शन

## - महिलाओं के लिए सुरक्षित, सरल व प्रभावी विकल्प साबित होगा नया इंजेक्शन : सीएमओ

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। परिवार नियोजन सेवाओं को और सुढ़ बनाने के उद्देश्य से जनपद में अंतरा सबक्यूटेनिअस इंजेक्शन का शुभारंभ किया गया। जिला महिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में जिले का पहला इंजेक्शन गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ शिवानी शर्मा द्वारा लगाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ संतोष गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर डॉ अमित कुमार गुप्ता, डॉ प्रमोद वर्मा तथा फैमिली प्लानिंग मैनेजर पद्माकर त्रिपाठी भी मौजूद रहे। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद के तीन केंद्रों पर इस नई सुविधा की शुरुआत की गई है। जिला महिला चिकित्सालय के साथ ही सीएचसी फरधान और सीएचसी नकहा में भी कार्यक्रम शुरू किया गया। सीएचसी फरधान में अधीक्षक अमित बाजपेई, एमएच कंसलटेंट लल्ला सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ प्रमोद वर्मा की उपस्थिति हुआ तथा सीएचसी



नकहा में डीपीएम अनिल यादव व अधीक्षक डॉ रामू वर्मा के नेतृत्व में इसका शुभारंभ किया गया।सीएमओ ने बताया कि अंतरा सबक्यूटेनिअस इंजेक्शन महिलाओं के लिए एक सुरक्षित, आसान और प्रभावी गर्भनिरोधक विकल्प है। इसे त्वचा के नीचे लगाया जाता है, जिससे इसे लगाना पहले की तुलना में अधिक सरल हो गया है। यह इंजेक्शन तीन महीने तक गर्भधारण से सुरक्षा प्रदान करता है और महिलाओं को बार–बार दवा लेने की आवश्यकता नहीं होती। उन्होंने बताया कि इस नए विकल्प को लाने के पीछे शासन की मंशा है कि परिवार नियोजन सेवाओं को अधिक सुलभ बनाया जाए, खासकर ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों की महिलाओं के लिए। इससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार के साथ–साथ अनियोजित गर्भधारण की समस्या को भी कम किया जा सकेगा। सीएमएस डॉ अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि अस्पताल में महिलाओं की काउंसलिंग की जा रही है, ताकि उन्हें इस इंजेक्शन के फायदे और उपयोग की पूरी जानकारी मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो महिलाएं पहले से पारंपरिक अंतरा इंजेक्शन ले रही हैं, उन्हें नया इंजेक्शन नहीं लगाया जाएगा और जिन महिलाओं को नया सबक्यूटेनिअस इंजेक्शन दिया जाएगा, उन्हें पुराना वाला नहीं दिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि इस नई पहल से परिवार नियोजन कार्यक्रम को और मजबूती मिलेगी तथा महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। इस दौरान डॉ अंजली वर्मा, हॉस्पिटल मैनेजर शिप्रा वर्मा, हेल्प डेस्क मैनेजर सुष्मिता वर्मा, फैमिली प्लानिंग काउंसलर शिखा कश्यप, एएफएचसी काउंसलर दीपमाला, एसटीआई काउंसलर प्रियंका अवस्थी, पीपीटीसीटी काउंसलर सोनम सक्सेना, एएनएम आरती वर्मा, रश्मि सक्सेना, मधू, लोकेश सिंह व अजीत वर्मा सहित आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नेशनल गर्ल्स कालेज में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। नेशनल गर्ल्स कॉलेज में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव (एनुअल फंक्शन) का भव्य आयोजन स्कूल के प्रबंधक सलाहुद्दीन अंसारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया पूरे परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत नात और गीत के साथ की गई। इसके बाद सांस्तिक कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हुई। छात्राओं ने रंग–बिरंगे परिधानों में आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए। देशभक्ति, लोक संस्ति और आधुनिक थीम पर आधारित प्रस्तुतियां सभी को खूब पसंद आईं। सिंगिंग परफॉर्मेंस ने भी दर्शकों का दिल जीत लिया। कई छात्राओं ने अपनी मधुर आवाज से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। नाट्य प्रस्तुति ने सामाजिक संदेश भी दिया। कार्यक्रम में अनुशासन और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। अभिभावक और अतिथि कार्यक्रम का भरपूर आनंद लेते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों का उत्साह देखने लायक था। छात्राओं की मेहनत और तैयारी साफ झलक रही थी। विद्यालय प्रशासन ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई शिक्षकों का सहयोग भी सराहनीय रहा। कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को मेडल और गिट देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्राओं के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। अतिथियों ने भी विजेताओं की सराहना की कार्यक्रम में आए सभी मुख्य अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे संजय पुरी संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष राजस्व सुरक्षा सेवा दल ने छात्राओं को प्रेरित किया। शिवनाथ मिश्र, एडवोकेट बार एसोसिएशन भी मौजूद रहे। अभय श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की सराहना की। हरीश गौड़ ने छात्राओं के प्रयासों को सराहा। यासीन इब्ने उमर ने भी अपने विचार साझा किए। मंजर रिजवी ने आयोजन को सफल बताया। नाहिद नाज की उपस्थिति भी कार्यक्रम में रही। एजाज अहमद ने छात्राओं का उत्साह बढ़ाया। रिजवान सिद्दीकी ने आयोजन की प्रशंसा की। यशवी चौरसिया ने भी कार्यक्रम का आनंद लिया। राकेश मिश्रा की उपस्थिति कार्यक्रम में रही। अध्यापक सुशील राठौर भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने विद्यालय की व्यवस्थाओं की तारीफ की कार्यक्रम ने सभी को एकजुट करने का कार्य किया छात्राओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिला विद्यालय परिवार ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ छात्राओं के प्रदर्शन ने सभी का दिल जीत लिया अभिभावकों ने भी कार्यक्रम की सराहना की यह आयोजन शिक्षा के साथ संस्ति का सुंदर संगम बना छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाने का यह अच्छा अवसर रहा विद्यालय ने एक बार



फिर अपनी उत्ष्टता साबित की कार्यक्रम यादगार बन गया सभी के चेहरे पर खुशी और संतोष नजर आया ऐसे आयोजन भविष्य में भी होते रहने की उम्मीद जताई गई।

# खानकाहे हुसैनिया कलीमिया के सालाना उर्स का कुल शरीफ के साथ समापन

## - हजारों की संख्या में जायरीनों ने की शिरकत

न्यूज वाणी ब्यूरो

मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर। खानकाह ए हुसैनिया कलिमिया में पीराने उज्जाम खानदान ए चिश्त अहले बहिश्त के सालाना उर्स का कुल शरीफ की महफिल में समापन हो गया। खानकाहे हुसैनिया कलीमिया में आयोजित सालाना उर्से कलीमी का अंतिम दिन रूहानियत, अकीदत और मोहब्बत के रंग में रंगा नजर आया। कुल शरीफ की रस्म के साथ पाँच दिवसीय उर्स का समापन हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में जायरीन ने शिरकत की। उर्स के दौरान देशभर से आए उलमा–ए–किराम और मशाइख–ए–इजाम ने अपने बयानात में सूफी तालीमात को उजागर किया। वहीं, कव्वाली की महफिल में पेश किए गए सूफियाना कलाम ने जायरीन को झूमने पर मजबूर कर दिया। सुबह कुल शरीफ के दौरान दरगाह



साबिर पाक कलियर, रुदौली शरीफ, अजमेर शरीफ समेत कई प्रसिद्ध दरगाहों के सज्जादानशीनों की मौजूदगी ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ा दी। दिनभर जायरीन मजारात पर हाजिरी देकर दुआएं मांगते रहे। खानकाह के सज्जादानशीन हजरत सैय्यद मसऊद अहमद कलीमी ने अपने बयान में कहा कि उर्स सिर्फ एक रस्म नहीं, बल्कि औलिया अल्लाह की तालीम को याद करने और उस पर अमल करने का पैगाम है। यहां से हर शख्स को मोहब्बत, सब्र और इंसानियत का सबक लेकर जाना चाहिए। शाम को नम आंखों के साथ जायरीन ने अपने पीर–ओ–मुर्शिद से इजाजत ली और अपने–अपने वतन के लिए रवाना हुए। बाद नमाज–ए–मगरिब रस्म–ए–संदल शरीफ अदा की गई, जिसमें खानदाने कलीमी के सदस्य और बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे। उर्स के सफल आयोजन में स्थानीय लोगों और इंतजामिया कमेटी का अहम योगदान रहा, जिसकी हर तरफ सराहना की जा रही है।

# घर के अंदर सो रहे युवक की गला रेतकर निर्मम हत्या

## - परिजनों को भनक तक नहीं लगी

न्यूज वाणी ब्यूरो

रेउसा, सीतापुर। मंगलवार की रात एक ऐसी वारदात हुई जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। रेउसा थाना क्षेत्र के ग्राम खरहुवा में 30 वर्षीय युवक की उसके ही घर के भीतर बेरहमी से हत्या कर दी गई। खून से लथपथ शव मिलने के बाद से गांव में दहशत और मातम का माहौल है। मृतक की पहचान हसीन (30), पुत्र बसीर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, हसीन मंगलवार रात अपने कमरे में सो रहा था। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने घर में घुसकर उस पर जानलेवा हमला कर दिया। जब देर रात परिजनों की नजर हसीन पर पड़ी, तो कमरे का मंजर देखकर उनकी रूह कांप गई। हसीन का शव बिस्तर पर खून से लथपथ पड़ा था। वारदात पर उठ रहे सवाल इस हत्याकांड ने पुलिस और ग्रामीणों दोनों को उलझन में डाल दिया है। जिस वक्त हत्या हुई, परिवार के अन्य सदस्य घर में ही मौजूद थे, लेकिन किसी को भी चीख–पुकार या संघर्ष की आवाज सुनाई नहीं दी। मृतक के गले और शरीर पर गहरे जख्मों के निशान मिले हैं, जिससे साफ है कि हमलावरों ने किसी धारदार हथियार का इस्तेमाल बड़ी बेहरमी से किया है। घटना की सूचना मिलते ही रेउसा थाना पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने मौके से फिंगरप्रिंट और अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस प्रशासन का कहना है कि प्रथम .ष्टया यह मामला आपसी रंजिश या सोची–समझी साजिश का लग रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। इस घटना के बाद से खरहुवा गांव के लोग सहमे हुए हैं। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है और ग्रामीणों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि अपराधी इतने बेखौफ हो गए हैं कि घर में घुसकर हत्या कर रहे हैं। ग्रामीण जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और सख्त सजा की मांग कर रहे हैं।

# दुर्गावती बाजार में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर



न्यूज वाणी ब्यूरो

कैमूर। दुर्गावती बाजार में बुधवार को प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाया। इस दौरान सड़क किनारे बने अवैध दुकानों, ठेला–खोमचा एवं पक्के निर्माण को हटाया गया। प्रशासन द्वारा पहले ही अतिक्रमणकारियों को नोटिस देकर चेतावनी दी गई थी, लेकिन निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद सख्ती बरती गई। सड़क किनारे अवैध कब्जों को बुलडोजर से हटाया गया कई दुकानदारों ने स्वयं ही अतिक्रमण हटा लिया पुलिस बल की निगरानी में अभियान चलाया गया अभियान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। बाजार में मौजूद लोगों और वाहन चालकों ने इस कार्रवाई का स्वागत किया। थाना प्रभारी गिरीश कुमार ने बताया कि बाजार को जाम और अव्यवस्था से मुक्त कराने के लिए यह अभियान चलाया गया है और आगे भी जारी रहेगा। इस मौके पर प्रभारी अंचल पदाधिकारी मनेंद्र कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी रिचा मिश्रा तथा पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

# गैस सिलेंडर को लेकर बवाल, घंटों लाइन में लगे उपभोक्ताओं का फूटा गुस्सा

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। सेवराई तहसील क्षेत्र के एक स्थानीय गांव में बुधवार को गैस सिलेंडर वितरण को लेकर जमकर हंगामा हो गया। सुबह से ही सिलेंडर लेने पहुंचे उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार करना पड़ा, लेकिन गैस की गाड़ी नहीं पहुंची। इससे नाराज लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने एजेंसी संचालक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। बताया जाता है कि गैस एजेंसी द्वारा बुधवार सुबह गाड़ी



आने की सूचना दी गई थी। इसी के चलते बड़ी संख्या में उपभोक्ता सुबह से ही परेमन शाह पोखरा पर कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। कई घंटे बीत जाने के बावजूद न तो गैस वाहन पहुंचा और न ही चालक का फोन रिसीव हुआ। एजेंसी संचालक की ओर से भी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता गया। सूचना मिलते ही किसान नेता भानु प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और उन्होंने खाद्य आपूर्ति निरीक्षक व जिला पूर्ति अधिकारी से फोन पर वार्ता कर समस्या से अवगत कराया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि गैस की गाड़ी गुरुवार सुबह भेजी जाएगी। इस दौरान महिला उपभोक्ता शशिबला ने बताया कि वह इंडियन गैस एजेंसी रेवतीपुर की उपभोक्ता हैं और बुकिंग के बाद उन्हें बुधवार को गैस मिलने की बात कही गई थी। इसी भरोसे वह सिर पर खाली सिलेंडर लाकर सुबह से लाइन में लगी रहीं, लेकिन अंत में उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा। किसान नेता भानु प्रताप सिंह ने चेतावनी दी कि यदि गुरुवार को गैस की आपूर्ति नहीं हुई तो उपभोक्ता सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित एजेंसी संचालक और प्रशासन की होगी। मौके पर प्रमोद गुप्ता, दीपक अग्रहरि, संदीप शर्मा, अरुण कुमार गुप्ता, शिवम सिंह समेत दर्जनों उपभोक्ता मौजूद रहे। इस संबंध में खाद्य आपूर्ति निरीक्षक मोहम्मद मोहिद ने बताया कि सिलेंडर की उपलब्धता न होने के कारण बुधवार को गाड़ी नहीं आ सकी। उन्होंने आश्वस्त किया कि गुरुवार सुबह गैस की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाएगी।

# नए सत्र का उत्साहपूर्ण आगाज, विद्यालय में दिखा उत्सव जैसा माहौल

न्यूज वाणी ब्यूरो



गाजीपुर। सेवराई तहसील क्षेत्र के संत श्री राम शर्मा आचार्य कान्वेंट स्कूल, भदौरा में शैक्षणिक सत्र 2026–27 का शुभारंभ बुधवार को बड़े ही उत्साह एवं उल्लास के साथ किया गया। सत्र के पहले ही दिन विद्यालय परिसर में बच्चों और अभिभावकों की भारी भीड़ देखने को मिली, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय बन गया। नए प्रवेश को लेकर अभिभावकों में खासा उत्साह नजर आया। विद्यालय प्रशासन ने प्रवेश प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया, जिससे अभिभावकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। इस अवसर पर नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी एवं कक्षा 1 में प्रवेश के लिए बच्चों का मूल्यांकन (टेस्ट) आयोजित किया गया, जिसके आधार पर आगे की प्रवेश प्रक्रिया जारी है। बच्चों के उत्साह को बढ़ाने के लिए विद्यालय की ओर से चॉकलेट, बिस्किट एवं उपहार वितरित किए गए, जिससे परिसर में खुशियों का माहौल और भी बढ़ गया। विद्यालय में शिक्षा के अधिकार (त्ज्म्) के तहत पात्र बच्चों का प्रवेश भी सुनिश्चित किया गया, जो शिक्षा के अधिकार को मजबूत बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल मानी जा रही है। सत्र के पहले दिन विद्यालय के सभी शिक्षक–शिक्षिकाएं अपने–अपने कक्षों में पूरी तैयारी और अनुशासन के साथ उपस्थित रहे। उनके समर्पण और व्यवहार से अभिभावकों पर विद्यालय की सकारात्मक छवि उभरकर सामने आई। आधुनिक सुविधाओं, अनुशासित वातावरण एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए यह विद्यालय क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुका है। यहां का शिक्षण स्टाफ सहयोगी, अनुभवी और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के अंत में मिठाइयों के वितरण के साथ पूरे विद्यालय परिसर में उल्लास का माहौल बना रहा और नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत को यादगार बना दिया गया।

# गंगा में डूबे चाय विक्रेता का चौथे दिन भी नहीं मिला शव, तलाश जारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। सेवराई गहमर कोतवाली क्षेत्र के गहमर गांव निवासी चाय विक्रेता श्याम नारायण उर्फ रिंकू गुप्ता (40) पुत्र मान्धाता शाह का शव घटना के चौथे दिन बुधवार को भी बरामद नहीं हो सका। गंगा में स्नान के दौरान डूबने की सूचना के बाद से लगातार प्रशासन और स्थानीय स्तर पर खोजबीन जारी है, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिली है।



बुधवार को वाराणसी से पहुंची पीएससी टीम ने इन्लेटेबल रेस्क्यू बोट के माध्यम से नदी में कई घंटों तक सघन तलाशी अभियान चलाया। इसके बाद भी सफलता न मिलने पर टीम ने कांटा डालकर शव की तलाश की। वहीं गहमर कोतवाल प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में स्थानीय गोताखोरों की मदद से भी लगातार प्रयास किए गए, लेकिन देर शाम तक कोई सुराग नहीं मिल सका। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह–तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं और लोग अलग–अलग कयास लगा रहे हैं। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है और गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। इस संबंध में गहमर कोतवाल प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि गंगा स्नान के दौरान रिंकू गुप्ता के डूबने की सूचना प्राप्त हुई थी। लगातार चौथे दिन पीएससी टीम द्वारा खोजबीन की गई, लेकिन अभी तक कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। उन्होंने बताया कि शव की तलाश के प्रयास आगे भी जारी रहेंगे।


फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान

**फैसल चश्में वाले**

(साइन्टिफिक आप्टीशियन)

किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।

(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)

हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है। नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।

नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।

**फैसल चश्में वाले**

किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर

डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# भूमि के प्रतिकर निर्धारण हेतु अधिकारियों की टीम ने किया निरीक्षण

## – बाराबंकी–बहराइच सेक्शन के फोरलेन के लिए होगा चौड़ीकरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। नगर मजिस्ट्रेट/सक्षम प्राधिकारी (भू.अ.)/विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी राजेश प्रसाद ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 927 के फोरलेन (बाराबंकी–बहराइच सेक्शन) चौडीकरण हेतु तहसील कैसरगंज के 05 ग्राम तप्पेसिपाह, आदमपुर, झुकिया, मुस्ताफाबाद, रिठौडा के धारा–3 डी के प्रकाशन की कार्यवाही हो चुकी है। अर्जन प्रभावित काश्तकारों से दावें प्राप्त किये जा चुके है। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि 05 ग्रामों की अधिग्रहीत की जा रही भूमि का बाजारू मूल्य निर्धारित किये जाने हेतु ग्राम की योजना प्रभावित भूमि का भौतिक सत्यापन उपजिलाधिकारी कैसरगंज, तहसील कैसरगंज की राजस्व टीम, एनएचआई की टीम व भूमि अध्याप्ति कर्मियों द्वारा किया गया। स्थलीय निरीक्षण के दौरानए यह भी देखा गया है कि प्रभावित भू–खण्डों के अर्जन प्रभावित क्षेत्रफल में कोई परिसम्पत्ति है अथवा नही है। नगर मजिस्ट्रेट श्री प्रसाद ने बताया कि अर्जन प्रभावित भू–खण्डों के स्थलीय सत्यापन के उपरान्त अधिनिर्णय आदेश पारित होगा। .षकों प्रभावित भूमि के प्रतिकर की कार्यवाही की जायेगी। नगर मजिस्ट्रेट ने यह भी बताया कि मौके पर अर्जन निकाय के अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया है कि अर्जन प्रभावित भू–खण्डों में स्थित परिसम्पत्तियों का मूल्याकंन विशेषज्ञ विभाग से कराये जाने हेतु अपने स्तर से प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करे। जिससे परिसम्पत्तियों के मूल्याकंन की कार्यवाही में विलम्बित न हो।

# नौ अप्रैल को आबकारी दुकानों का होगा व्यवस्थापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि जनपद में वर्ष 2026–27 हेतु फुटकर आबकारी दुकानों के ई नवीनीकरण व ई–लाटरी के प्रथम चरण के पश्चात् अवशेष तथा नवसृजित देशी शराब की 08, कम्पोजिट शॉप की 01 एवं भॉग की 04 कुल 13 दुकानों के व्यवस्थापन हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 09 अप्रैल 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में अर्ह आवेदनों का ई–लाटरी के माध्यम से चयन किया जायेगा।

# स्मार्ट मीटर पर सियासी घमासान, कांग्रेस का कल बड़ा आंदोलन

## – जनविरोधी बताते हुए योजना पर रोक की मांग, गैस आपूर्ति को लेकर भी उठाई आवाज

न्यूज वाणी ब्यूरो

सुल्तानपुर। जनपद में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के मुद्दे पर सियासी माहौल गरमा गया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने इस योजना को आम जनता के खिलाफ बताते हुए इसके विरोध में बृहस्पतिवार को व्यापक आंदोलन करने का ऐलान किया है। उन्होंने बताया कि आंदोलन की पूरी रणनीति तैयार कर ली गई है, जिसमें जिले भर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ–साथ बड़ी संख्या में आम नागरिकों के शामिल होने की उम्मीद है।




इस प्रदर्शन के जरिए सरकार से स्मार्ट मीटर योजना को तत्काल प्रभाव से रोकने की मांग की जाएगी। अभिषेक सिंह राणा ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर लागू होने से उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा, जिससे आम लोगों की परेशानियां और बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनहित से जुड़े मुद्दों पर चुप नहीं बैठेगी और जरूरत पड़ने पर आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। वहीं, शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने भी स्मार्ट मीटर योजना को पूरी तरह जनविरोधी बताते हुए इसका पुरजोर विरोध किया। उन्होंने कहा कि यह योजना आम जनता की जेब पर सीधा असर डालने वाली है और कांग्रेस इसका हर स्तर पर विरोध करेगी। इसके साथ ही नेताओं ने जनपद में घरेलू गैस की उपलब्धता को लेकर भी चिंता जताई और सरकार से आवश्यक वस्तुओं की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि आम लोगों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# बीमारी से तंग बालक ने की आत्महत्या, परिवार में मचा कोहराम

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा, बहराइच। कोतवाली नानपारा क्षेत्र अंतर्गत ट्यूबवेल नंबर–5 नानपारा देहाती बुधवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां 17 वर्षीय नाबालिग हसनैन रजा पुत्र रुस्तम ने बीमारी से तंग आकर आत्महत्या कर ली। घटना उस समय हुई जब घर में कोई मौजूद नहीं था। प्राप्त जानकारी के अनुसार हसनैन रजा लंबे समय से दिमागी बीमारी से पीड़ित था और उसका इलाज चल रहा था। बुधवार सुबह करीब 9 बजे उसने घर के अंदर दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। कुछ देर बाद जब परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो घर में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस के अनुसार मामले की विधिक कार्रवाई की जा रही है। बताया गया कि मृतक अपने पिता का इकलौता बेटा था, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मोहल्ले में शोक की लहर व्याप्त है। यह घटना नानपारा कोतवाली क्षेत्र की है, जो बहराइच जनपद में स्थित है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# जिला जज समेत अधिकारियों ने जेल का किया निरीक्षण

## – गौशाला में पशुओं को खिलाए केले

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जिला जज शिव कुमार सिंह, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी ख्याति गर्ग प्राधिकरण के सचिव एसीजेएम प्रदीप कुमार कुशवाहा ने जेल का औचक निरीक्षण किया और



जेल की बैरकों की सुरझा व्यवस्था देखी व बंदियों से उनकी समस्याए सुनी। जिला जज, डीएम व एसपी ने जेल अधिकारियों व जेल डॉक्टर के साथ जेल अस्पताल में भर्ती बंदियों से उनके इलाज के बारे में जानकारी ली। बीमार बंदियों की विशेषज्ञ डॉक्टरों से इलाज कराए जाने के निर्देश दिए। जेल के पाकशाला में बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली। बंदियों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं को दिए जाने के निर्देश दिए। जेल प्रशासन में बंदियों को स्वच्छ शुद्ध पानी दिए जाने व साफ सफाई का भी जायजा लिया। पैरवी के अभाव में बंदियों को मुकदमे की पैरवी के लिए प्राधिकरण के माध्यम से मुत अधिवक्ता दिए जाने के भी निर्देश दिए। बच्चा बैरक, महिला बैरक, अस्पताल व जेल पाकशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल की गौशाला में पशुओं को केले खिलाए और बेहतर देखरेख के निर्देश दिए। इस मौके पर जेल स्टाफ मौजूद रहा।

# लोजपा रामविलास में बड़ा संगठनात्मक फेरबदल

## - प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी ने दिए कड़े निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से लखनऊ में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी ने की। बैठक में पार्टी संगठन को लेकर कई बड़े बदलाव किए गए तथा सभी पदाधिकारियों को नई और महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी ने सभी पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि पार्टी को जमीनी स्तर से बूथ स्तर तक मजबूत करना अब सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर संगठन को विस्तार देने का कार्य करे और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर आगे बढ़े। आगामी 2027 के चुनाव को ध्यान में रखते हुए बैठक में विशेष रणनीति बनाई गई। प्रदेश अध्यक्ष ने निर्देश दिया कि हर बूथ को मजबूत किया जाए, नियमित जनसंपर्क अभियान चलाया जाए तथा समय–समय पर समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएँ। संगठन की मजबूती के लिए प्रत्येक माह चार बैठकें आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया और उनके नेतृत्व में पार्टी को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया, जिससे कार्यकर्ताओं के भीतर नया जोश और उमंग देखने को मिला। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश प्रधान महासचिव नागेंद्र पासवान, सुभाष चंद्र, प्रदेश



उपाध्यक्ष, लखनऊ जिलाध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह, अनुराग, प्रदेश महासचिव भूप सिंह तथा मीडिया प्रभारी निर्भय सिंह सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में यह भी स्पष्ट रूप से देखने को मिला कि पार्टी का लेबर सेल प्रकोष्ठ सबसे अधिक सक्रिय और मजबूत रूप में कार्य कर रहा है। इस प्रकोष्ठ की तैयारियाँ तेजी से चल रही हैं और युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी लगातार मेहनत कर अपने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा रहे हैं। यह पार्टी के लिए गर्व की बात है कि प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी सभी पदाधिकारियों को साथ लेकर संगठन को नई दिशा और मजबूती प्रदान कर रहे हैं।

# स्कूल चलो अभियान का हुआ आगाज

## - नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत कर निकाली गयी रैली

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। बुधवार को पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय जसराना में जनपद स्तरीय स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




जिसमें उदय प्रताप सिंह जिलाध्यक्ष भाजपा, राम गोपाल पप्पू लोधी निवर्तमान विधायक जसराना, शत्रोहन वैश्य मुख्य विकास अधिकारी, कमलेश राजपूत ब्लॉक प्रमुख अरॉव, राजीव गुप्ता अध्यक्ष नगर पंचायत जसराना, डा० सत्यपाल सिंह प्रदेश संगठन मंत्री भाजपा, राजेश कुमार शुक्ल उपजिलाधिकारी जसराना, धीरेन्द्र कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक, आशीष कुमार पाण्डेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व खण्ड शिक्षा अधिकारियों की उपस्थिति रही। जिनको पौधा भेंट कर व कैप पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। सर्वप्रथम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया गया कि प्रथम चरण 01 अप्रैल से 15 अप्रैल, 2026 तक तथा द्वितीय चरण 01 जुलाई से 15 जुलाई तक आयोजित किया जायेगा। साथ ही अभिभावकों को प्रेरित करते हुए अपने पाल्यों को परिषदीय विद्यालयों में प्रवेश कराये जाने की अपील की गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा परिषदीय विद्यालयों की अवस्थापना सुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु हर सम्भव सहयोग का आश्वासन देते हुये निपुण विद्यालय में जनपद आगरा मण्डल में प्रथम स्थान पर होने तथा कायाकल्प में प्रथम स्थान पर होने पर बधाई देतु हुए विगत वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में किये गये प्रयासों की सराहना की गयी। जिलाध्यक्ष, बी० जे०पी० के द्वारा वर्तमान सरकार की लाभकारी योजनाओं एवं विद्यालयों की बदलती तस्वीर प्रदर्शित करते हुये अभिभावकों को अपने पाल्यों को परिषदीय विद्यालयों में नामांकित कराये जाने हेतु प्रेरित किया गया। एस०आर०जी० जया शर्मा, सुभाष चन्द्र एवं नरेश बाबू द्वारा प्री–प्राइमरी एवं निपुण भारत मिशन कार्यक्रम की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में नये प्रवेश लेने वाले बच्चों को तिलक लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा स्टेशनरी किट व निःशुल्क पाठ्य–पुस्तकें भी वितरित की गयी तथा सर्वाधिक नामांकन वाले 06 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को प्रशस्ति पत्र तथा पट्टिका भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी महोदय एवं समस्त अतिथिगणों द्वारा समिलित रूप से हरी झण्डी दिखाकर स्कूल चलो अभियान रैली का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिवकान्त पलिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं रूद्र नारायण शुक्ला, जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता, अजय कुमार पाण्डेय जिला समन्वयक समेकित शिक्षा, प्रदीप सिंह जिला समन्वयक निपुण, अजीत यादव, रीमा यादव, मुकेश राजपूत, विनीता चौधरी, चेतेंद्र प्रताप सिंह आदि शिक्षक एवं शिक्षिकायें उपस्थित रहें। बुधवार को जनपद स्तर के साथ–साथ परिषदीय विद्यालयों में भी स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम करते हुए रैली निकाली गयी। मुख्य विकास अधिकारी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय पुल खड़ीत का निरीक्षण किया गया तथा बच्चों को परीक्षाफल वितरण के साथ–साथ मेधावी छात्र–छात्राओं को पुरस्कार वितरण करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय में एम०डी०एम० की व्यवस्था व साफ–सफाई व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी।

# एसडीएम की सराहनीय पहल, सेवानिवृत्त होमगार्ड को दी विदाई

## - तहसील परिसर में दिखा अपनत्व और गरिमा का संगम

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। नानपारा तहसील में बुधवार को प्रशासनिक संवेदनशीलता, मानवीयता और आत्मीयता का एक बेहद भावुक और प्रेरणादायक .श्य देखने को मिला जब एसडीएम मोनालिसा ने सुरक्षा में तैनात एक होमगार्ड के सेवानिवृत्त होने पर उस पूरे सम्मान, गरिमा और स्नेह के साथ विदाई दी। आमतौर पर सेवानिवृत्ति एक औपचारिक प्रक्रिया बनकर रह जाती है, लेकिन तहसील नानपारा में पहली बार इस अवसर को एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने एक यादगार और दिल छू लेने वाले समारोह में बदल दिया जिसने वहां मौजूद हर व्यक्ति को भावुक कर दिया। तहसील परिसर में आयोजित इस विदाई समारोह में अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति ने माहौल को और अधिक गरिमामय बना दिया। समारोह के दौरान एसडीएम मोनालिसा ने सेवानिवृत्त होमगार्ड के सेवाकाल को याद करते हुए उनके समर्पण, निष्ठा और कर्तव्यपरायणता की खुलकर सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी कर्मचारी की सेवा केवल उसकी ड्यूटी तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह अपने कार्यों के माध्यम से समाज में एक सकारात्मक छाप छोड़ता है। सम्मान के इस पल में जब सेवानिवृत्त होमगार्ड को शॉल, स्मृति चिन्ह और पुष्प देकर सम्मानित किया गया तो उसकी आंखें नम हो गईं। भावुक होते हुए उसने एसडीएम मोनालिसा के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उसने अपने पूरे सेवाकाल में इस तरह के सम्मान की कभी कल्पना नहीं की थी। उसने कहा कि यह पल उसके जीवन का सबसे अनमोल और अविस्मरणीय क्षण रहेगा, जिसे वह जीवनभर संजोकर रखेगा। इस पूरे आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि यदि नेतृत्व संवेदनशील और मानवीय हो तो प्रशासन केवल नियमों तक सीमित नहीं रहता बल्कि वह लोगों के दिलों से भी जुड़ जाता है। एसडीएम मोनालिसा की यह पहल न केवल एक कर्मचारी की गरिमामय विदाई का उदाहरण बनी बल्कि इसने प्रशासन और कर्मचारियों के बीच आपसी सम्मान, विश्वास और भावनात्मक जुड़ाव को भी मजबूती प्रदान की। उनकी यह कार्यशैली यह संदेश देती है कि उच्च पद पर रहते हुए भी मानवीय मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा सकती है। इस सराहनीय पहल की तहसील



परिसर में मौजूद सभी लोगों ने मुक्तकंठ से एसडीएम की प्रशंसा की और इसे प्रशासनिक संवेदनशीलता की एक उत्.ष्ट मिसाल बताया। निस्संदेह, एसडीएम मोनालिसा का यह कदम अन्य अधिकारियों के लिए भी प्रेरणादायक है जो यह सिखाता है कि एक छोटा सा मानवीय प्रयास भी किसी के जीवन में बड़ी खुशी और सम्मान का कारण बन सकता है।

# पुलिस मुठभेड़ में गोकशी गैंग के तीन शातिर गिरफ्तार

## - फायरिंग में एक घायल, कराया भर्ती

न्यूज वाणी ब्यूरो

सुलतानपुर। थाना गोसाईगंज क्षेत्र में देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में गोकशी करने वाले गैंग के तीन शातिर अभियुक्तों को गिरतार कर लिया गया। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर के पर्यवेक्षण में गोसाईगंज थाना पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि गोकशी में लिप्त एक गैंग मोटरसाइकिल से इटकौली की ओर से सिरवारा की तरफ जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने टाटियानगर चौराहे के पास सघन चेकिंग अभियान शुरू किया। कुछ देर बाद एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर वे



भागने लगे, लेकिन इसी दौरान उनकी बाइक फिसल गई। घिरते देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षा में फायरिंग की, जिसमें एक अभियुक्त घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ने तीनों को घेरकर गिरतार कर लिया। गिरतार अभियुक्तों की पहचान मो. अफरोज, मो. गुलफाम उर्फ इमरान और आजाद निवासी फतेहपुर संगत, थाना गोसाईगंज के रूप में हुई है। मौके से पुलिस ने दो अवैध देशी तमंचे, एक जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। घायल अभियुक्त को पहले सीएचसी जयसिंहपुर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, गिरतार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास रहा है और वे पहले भी कई गंभीर मामलों में शामिल रह चुके हैं। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक श्यामसुन्दर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए अपराधियों को पकड़ने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की।

# स्मार्ट क्लास के उद्घाटन से शिक्षा में आएगा नया बदलाव : डॉ. अभिलाषा

न्यूज वाणी ब्यूरो/बहराइच। क्षेत्र के जीजेवीएम स्कूल में आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भाजपा नेत्री व स्पार्क कॉलेज की डायरेक्टर डॉ. अभिलाषा वर्मा ने स्मार्ट क्लास का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं, शिक्षकगण, अभिभावक एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. अभिलाषा वर्मा द्वारा फीता काटकर स्मार्ट क्लास के उद्घाटन के साथ हुई। इसके पश्चात विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने उन्हें पुष्पगुच्छ व माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत होकर डॉ. वर्मा ने विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और तकनीक का समावेश शिक्षा को अधिक प्रभावी एवं रोचक बना रहा है। स्मार्ट क्लास के माध्यम से छात्र अब विषयों को चित्रों, वीडियो और डिजिटल माध्यम से बेहतर तरीके से समझ सकेंगे, जिससे उनकी सीखने की क्षमता में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल से ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी शहरी स्तर की शिक्षा का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्.तिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि स्मार्ट क्लास के संचालन से शिक्षण कार्य में गुणवत्ता आएगी और छात्रों का शैक्षिक स्तर बेहतर होगा। अंत में विद्यालय परिवार ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी प्रकार के सहयोग की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम का समापन उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा के साथ हुआ।

# ओवरहेड टैंक पर लटका मिला युवक का शव, सुसाइड नोट में छलका दर्द

न्यूज वाणी ब्यूरो

नगीना, बिजनौर। एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां 22 वर्षीय युवक ने ऊंचे पानी के टैंक पर चढ़कर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और परिजनों में कोहराम मच गया। मोहल्ला लाल सराय निवासी नवेद, जो पेशे से इलेक्ट्रीशियन था, सोमवार रात घर से निकलने के बाद वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी तलाश की और देर रात उसके लापता होने की सूचना पुलिस को भी दी। मंगलवार सुबह करीब छह बजे ग्राम कालाखेड़ी मार्ग स्थित आईटीआई कॉलेज के सामने बने करीब 50 फीट ऊंचे ओवरहेड टैंक पर उसका शव लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी और थानाध्यक्ष अवनीत मान ने शव को नीचे उतरवाने की कोशिश की, लेकिन ऊंचाई अधिक होने के कारण सफलता नहीं मिली। बाद में अग्निशमन विभाग की टीम को बुलाया गया, जिन्होंने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव को नीचे उतारा। मौके से मिले सुसाइड नोट ने सभी को भावुक कर दिया। नोट में नवेद ने लिखा कि वह जीवन में कामयाब होना चाहता था, लेकिन असफल रहने के कारण तनाव में आकर यह कदम उठा रहा है। अंत में उसने "आई लव यू मॉम" लिखकर अपने जज्बात व्यक्त किए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है। मृतक सात भाई–बहनों में सबसे छोटा था, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# एमडी जैन इंटर कॉलेज में बच्चों के तिलकोत्सव के साथ सत्र प्रारम्भ

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिरसागंज, फिरोजाबाद। नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय श्री एमडी जैन इंटर कॉलेज में सत्र 2026–27 का प्रारम्भ अत्यंत हर्षोल्लास किया गया। तिलकोत्सव के कार्यक्रम का संयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन एवं प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन के द्वारा किया गया।



सर्वप्रथम भगवान महावीर स्वामी एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष समस्त विद्यालय परिवार द्वारा आरती करके किया गया। इसके उपरांत सभी बच्चों को प्रधानाचार्य एवं सभी शिक्षक साथियों द्वारा तिलक लगाकर एवं उपहारस्वरूप रजिस्टर प्रदान किए गए। तिलकोत्सव एवं उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल गए। सभी बच्चों को राजेश सक्सेना एवं विपुल जैन द्वारा स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से मोटिवेशनल वीडियो दिखाकर शिक्षा के प्रति जागरूक किया। नीरज कुमार जैन ने सभी बच्चों को नवीन सत्र की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उन्हें नवीन सत्र में अधिक से अधिक परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। अश्वनी कुमार जैन ने सभी बच्चों को उनके विषयों के प्रति लगाव बढ़ाने एवं नवाचार के कार्यों को अधिक से अधिक करने के उपाय बताए। इसके साथ ही सभी बच्चों में पाठयक्रम के साथ अन्य पाठ्यसहगामी क्रियाओं की जानकारी प्रदान की। श्रीमती साधना मोडवेल ने अपने गीतों के माध्यम से सभी बच्चों को शिक्षा की महत्ता को समझाया। इस अवसर पर संदीप जैन, संजय कटारा, राजकुमार, सुनील जैन, शैलेन्द्र जैन, मनोज जैन, अमित जैन, डॉ नितिन मिश्रा, राजीव जैन, राजेश सक्सेना, परेश जैन, हरीशंकर, रामगोपाल, धीरज जैन, दुर्गेश नंदन श्रीवास्तव, कुलदीप जैन, अमित कुमार जैन, श्रीमती सुकीर्ति चतुर्वेदी, प्रीती जैन, सरिता जैन, अंजली जैन, पारुल कुशवाह आदि समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# बार चुनाव में बवाल के बीच मतदान, चुनी गई नई कार्यकारिणी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में भारी हंगामे और खींचतान के बीच आखिरकार मतदान प्रक्रिया पूरी कराई गई। तय समय पर चुनाव शुरू न हो पाने के कारण अधिवक्ताओं में असमंजस और नाराजगी का माहौल बना रहा। सुबह आठ बजे मतदान होना था, लेकिन एल्डर्स कमेटी के सदस्यों के बीच मतभेद उभर आने से चुनाव टल गया। स्थिति तब और पेचीदा हो गई जब एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष चंद्रवीर सिंह गहलौत ने चुनाव कराने से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र सिंह ने पहल करते हुए नई कमेटी का गठन किया और राजेंद्र सिंह टिकैत को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया। इस निर्णय के बाद करीब 11रू40 बजे मतदान शुरू कराया गया। इस पूरे घटनाक्रम के बीच उत्तर प्रदेश बार काउंसिल द्वारा चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगाने के निर्देश भी सामने आए, लेकिन स्थानीय स्तर पर इन निर्देशों को नजरअंदाज करते हुए मतदान संपन्न कराया गया, जिससे विवाद और बढ़ गया। देर रात तक चली मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए गए। अध्यक्ष पद पर राजेंद्र सिंह ने जीत दर्ज की, जबकि महासचिव पद पर मनोज शेट्टी को विजेता घोषित किया गया। अन्य पदों पर भी नई कार्यकारिणी का गठन हुआ, जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में संदीप कुमार चौहान और संदीप कुमार, संयुक्त सचिव (प्रशासनिक) पद पर मोहित मलिक, संयुक्त सचिव (सांस्.तिक) पर वंदना आजाद, संयुक्त सचिव (लाइब्रेरियन) पर नितिन कुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर तुषार चौधरी और कोषाध्यक्ष पद पर कविता चौधरी को चुना गयझं पूरे चुनाव के दौरान हुए घटनाक्रम और निर्देशों की अनदेखी को लेकर अधिवक्ताओं के बीच दिनभर चर्चाएं होती रहीं और मामला तूल पकड़ता नजर आया।

# कलश यात्रा के साथ राहतपुर में हुई मां शेरावाली की प्रतिमा स्थापना

न्यूज वाणी ब्यूरो

नजीबाबाद, बिजनौर। राहतपुर में बुधवार को धार्मिक आयोजन के तहत श्री वाल्मीकि मंदिर परिसर में शेरावाली मां की प्रतिमा विधिवत स्थापित की



गई। इस अवसर पर गांव में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्ति में सराबोर नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत मोटा महादेव मंदिर से निकली कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें महिलाओं और युवाओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। कलश यात्रा गांव के मुख्य मार्गों से होती हुई मंदिर परिसर पहुंची, जहां पंडित सौरभ ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कराई। इस आयोजन में क्षेत्र पंचायत सदस्य ताजेंद्र कुमार की प्रमुख भूमिका रही। उन्होंने कहा कि धार्मिक और सामाजिक कार्यों के माध्यम से समाज को जोड़ने का प्रयास लगातार किया जाता रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विजय पाल, राजकुमार, सोनू, डॉ. चरण सिंह, कपिल राजपूत, संगीता, रीना, बीना, पूजा सहित अनेक ग्रामीणों ने सक्रिय सहयोग दिया। प्रतिमा स्थापना के उपलक्ष्य में अगले दिन मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन रखा गया है, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है।

# जनसुनवाई में सुनी फरियादियों की समस्याएं

## – शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं, जिन पर गंभीरता से विचार करते हुए उनके न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का आश्वासन दिया गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर संबंधित अधिकारियों को प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए। अधिकारियों से सीधे वार्ता कर शिकायतों के शीघ्र निस्तारण को सुनिश्चित करने को कहा गया। पुलिस द्वारा फरियादियों की समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक समाधान करना प्राथमिकता में रखा गया है, ताकि आमजन को समय पर न्याय मिल सके।

# शिक्षा से ही सशक्तहोगा भविष्य : सरिता भदौरिया

## - घर-घर सर्वे कर हर बच्चे का होगा नामांकन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान स्कूली बच्चियों ने सरस्वती गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भावपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हर बच्चे की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति शिक्षित और स्वस्थ समाज से ही संभव है। वर्ष 2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए शिक्षा की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्देश दिए कि घर–घर सर्वे कर सभी बच्चों का स्कूल में नामांकन सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने यह भी कहा कि 3 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों का आंगनवाड़ी में और 6 वर्ष पूर्ण कर चुके बच्चों का कक्षा 1 में अनिवार्य रूप से प्रवेश कराया जाए। कार्यक्रम में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का प्रत्येक बच्चा विद्यालय जाए और शिक्षा प्राप्त कर अपने परिवार, गांव और जिले का नाम रोशन करे। उन्होंने 'निपुण' अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य हर बच्चे को दक्ष बनाना है। इस अवसर पर अधिक नामांकन वृद्धि करने वाले शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं को पुस्तकें और बैग वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहीं।





# नि:शुल्क प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में संचालित समस्त राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों इटावा, लखना, जसवंतनगर, सैफई तथा चकरनगर में कौशल विकास योजना के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में अल्पकालीन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम शीघ्र प्रारंभ किए जा रहे हैं, इच्छुक अभ्यर्थी अपने नजदीकी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आवेदन पत्र जमा कर नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं, इसके लिए अभ्यर्थियों को निर्धारित शैक्षिक योग्यता के साथ आवेदन करना होगा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सूचना प्रौद्योगिकी सेवा, परिधान निर्माण तथा मोटर वाहन क्षेत्र में क्रमशः 25, 25 एवं 50 प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया जाएगा, इसी प्रकार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लखना में सूचना प्रौद्योगिकी सेवा तथा सौंदर्य एवं स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र में 25–25 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जसवंतनगर में सूचना प्रौद्योगिकी सेवा, इलेक्ट्रॉनिक एवं हार्डवेयर तथा मोटर वाहन क्षेत्र में क्रमशः 25, 25 एवं 50 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, वहीं सैफई संस्थान में परिधान निर्माण तथा सूचना प्रौद्योगिकी सेवा क्षेत्र में 25–25 अभ्यर्थियों का चयन होगा, चकरनगर संस्थान में सौंदर्य एवं स्वास्थ्य देखभाल तथा इलेक्ट्रॉनिक एवं हार्डवेयर क्षेत्र में 25–25 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। सभी पाठ्यक्रमों के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण निर्धारित की गई है, इच्छुक अभ्यर्थी हाईस्कूल की अंकतालिका, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं दो फोटो के साथ संबंधित संस्थान में 10 अप्रैल तक संपर्क कर सकते हैं, शून्य गरीबी योजना से आच्छादित, दिव्यांग एवं महिला अभ्यर्थियों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।

# सराय भूपत कटेखेड़ा प्रधान ने बांटी बच्चों को पुस्तके

## – नई पुस्तकें पाकर बच्चों में दिखा उत्साह

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट सराय भूपत में कक्षा एक से लेकर आठ वीं कक्षा तक के छात्र छात्राओं को सराय भूपत कटेखेड़ा प्रधान वीना यादव प्रधानाचार्य मंजू यादव के नेतृत्व में बांटी गई नई पुस्तकें। प्रधान वीना यादव ने बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया और नारा देते हुए कहा कि आप सभी बच्चे आधी रोटी खाएंगे लेकिन रोज पढ़ने आयेंगे। इस मौके पर प्रधान वीना यादव ने प्रधानाचार्या मंजू यादव की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्कूल का वातावरण बहुत अच्छा है और कक्षा एक से लेकर आठवीं तक के क्लास रूम भी बहुत ही साफ सफाई वाले दिखे है ,इसके साथ साथ एक क्लास मॉडल क्लास भी है, जिसमें बच्चों के लिए पुस्तकालय रूम बना हुआ और एक बड़ी सी एल ई डी टी वी लगी है। इस दौरान उपस्थित रहे ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड यूनिट के जिलाध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद, मीडिया प्रभारी मोहम्मद अजीम मोअज्जम, इंसानी भाईचारा समिति के अध्यक्ष मोहम्मद आमीन रहे। इस दौरान उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट प्रधानाचार्य मंजू यादव, रचना गुप्ता, प्रेम चंद्र पप्पन, दीपआवास, नीलम, वंदना यादव आदि अध्यापक अध्यापिकगण मौजूद रहे हैं। नई पुस्तकें पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी की मुस्कान देखी गई और बच्चों में उत्साह भी दिखा।




# विधायक निधि से बनी सड़कों का लोकार्पण

## - सिरसा नदी पर पुल निर्माण को मिली स्वीकृति

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने विधायक निधि वर्ष 2024–25 के अंतर्गत स्वी.त विभिन्न सड़कों का लोकार्पण कर उन्हें जनता को समर्पित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों मेंसीमित कार्य होते थे, जबकि वर्तमान में प्राथमिकता के आधार पर व्यापक स्तर पर सड़क निर्माण कराया जा रहा है और जनपद में सड़कों का जाल बिछ चुका है। उन्होंने आलमपुर हौज मेंजयदयाल प्रजापति के मकान से किरन देवी के प्लॉट तक इंटरलॉकिंग सड़क, सरायदयानत में बालकराम के मकान से रवि राजपूत के मकान तक इंटरलॉकिंग सड़क, ग्राम जुगरामऊ में रमेश सिंह के मकान से राजेंद्र सिंह के मकान तक सीसी सड़क, विकास कॉलोनी भाग–2 में अंजू मिश्रा के मकान से अशोक कुमार के मकान तक इंटरलॉकिंग सड़क तथा मोहल्ला जय भारत कॉलोनी गली नंबर–1 में उपेंद्र सिंह चौहान के मकान से अवधेश पाठक के मकान तक इंटरलॉकिंग सड़क का लोकार्पण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, अजय गुप्ता, विनीत कुमार पांडे, अशोक सिंह चौहान, प्रमोद राठौड़, सागर दुबे, अंशु दुबे, विवेक गुप्ता, चंदन पोरवाल, राजेश प्रजापति सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। मुख्य बात यह है कि सिरसा नदी पर बनेगा पुल सदर विधानसभा क्षेत्र के बीबामऊ, महामाई सहित कई गांवों के लोगों द्वारा सिरसा नदी पर पुल निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। बरसात के दौरान बाढ़ के कारण आवागमन में काफी परेशानी होती थी। जनता की मांग पर विधायक द्वारा सरकार के समक्ष प्रस्ताव रखा गया, जिसे स्वी.ति मिल गई है। सिरसा नदी पर पुल निर्माण के लिए 2 करोड़ 79 लाख रुपये की धनराशि स्वी.त की गई है। इससे क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।



# बसरेहर में महिलाओं को सुरक्षा व साइबर की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। मिशन शक्ति फेज–5 (द्वितीय चरण) के तहत पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बसरेहर पुलिस द्वारा बसरेहर क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं और आमजन को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं को महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इनमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। इसके साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि किसी भी अंजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें और किसी भी संदिग्ध या अज्ञात लिंक पर क्लिक करने से बचें। ऑनलाइन लेन–देन और सोशल मीडिया के उपयोग के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को जागरूकता पम्पलेट वितरित कर उन्हें सुरक्षा उपायों के प्रति विस्तार से अवगत कराया गया। इटावा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से इस प्रकार के अभियान निरंतर चलाए जा रहे हैं, ताकि आमजन को जागरूक कर सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

# पाक्सो एक्ट का अभियुक्त गिरफ्तार




न्यूज वाणी ब्यूरो/फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अमन पुत्र राजपाल निवासी ग्राम बासठ थाना दक्षिण को मुस्ताबाद चौराहा थाना क्षेत्र दक्षिण से गिरतार किया गया हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया।

## अदालती नोटिस

न्यायालय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय फतेहपुर ।

वाद संख्या 889 सन् 2025

सदफ बनाम मो0 शुएब खान

धारा–144 भा0ना0सु0सं0

थाना– कोतवाली

जिला– फतेहपुर।

यूंकि प्रत्युत्तरदाता मो0 शुएब खान उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र मो0 जुबैर खान निवासी गोपाल नगर नउवाबाग, मिडलैंड हाल के बगल में, थाना कोतवाली शहर व जिला फतेहपुर उ0प्र0 आपके विरूद्ध याची– सदफ उम्र लगभग 24 वर्ष पत्नी मो0 शुएब खान पुत्री मो0 शमीम निवासिनी 28ए सैय्यदवारा, थाना कोतवाली तहसील शहर व जिला फतेहपुर उ0प्र0 ने याचिका संस्थित किया है, जैसा कि याचिका में वर्णित है।

एतद्वारा आप इस न्यायालय में दिनांक 07.05. 2026 को, समय बजे पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों और लिखित कथन/आपत्ति प्रस्तुत करते हुए अपना पक्ष प्रस्तुत करें।

एतद्द्वारा, आप यह भी सूचना ग्रहण करें कि आपकों मामले की सम्यक सूचना समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम के पश्चात, यदि आप उपरोक्त वर्णित नियत तिथि पर, न्यायालय समय बजे तक न्यायालय में अपनी व्यक्तिगत उपस्थिति में असफल रहते हैं तो आपके विरूद्ध मामले में एक पक्षीय कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी और आप अपने विरुद्ध डिकी या आदेश पारित किये जाने के लिए स्वयं होगे। एतद्द्वारा आप यह भी सूचना ग्रहण करें कि नियत तिथि पर उभयपक्ष को सुने जाने के पश्चात, कुटुम्ब न्यायालय द्वारा अग्रिम तिथि निश्चित करते हुए परामर्शदाता के समक्ष सुनवाई हेतु मामला सन्दर्मित ' किया नायेंगा और न्यायालय द्वारा उभयपक्ष के मध्य शीघ्र सुलह कराने या उसके पश्चात मामले को शीघ्र निपटारा किये जाने का हर सम्भव प्रयास किया जायेगा। तत्सम्बन्धी आदेश कुटुम्ब न्यायालय फतेहपुर द्वारा दिनांक 28.03.2026 को पारित किया गया, जिसके अनुपालन में यह आदेशिका (समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु) आपको प्रेषित की जा रही है।

न्यायालय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय फतेहपुर।

# रोजगार व उद्योग के लिए चार अप्रैल को सड़कों पर उतरेगा शहर

## - पलायन के खिलाफ हुंकार, औद्योगिक जोन की मांग को लेकर निकलेगी विशाल वाहन रैली

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। शहर के समग्र विकास और युवाओं के उज्जवल भविष्य को लेकर इटावा विकास मंच ने बड़ा आंदोलन छेड़ दिया है। शहर के लॉर्ड .ष्णा मैरिज हॉल में आयोजित प्रेस वार्ता में मंच के संस्थापक नवीन दुबे एडवोकेट ने न्यू इटावा यानी औद्योगिक इटावा का विजन प्रस्तुत करते हुए चार अप्रैल को विशाल वाहन रैली निकालने की घोषणा की। यह रैली प्रातः 10.30 बजे बाबू बद्रीप्रसाद धर्मशाला चौराहा से शुरू होकर शहर में निकलेगी। रैली का मुख्य उद्देश्य जिले में ठप पड़े विकास कार्यों और लगातार बढ़ रहे पलायन की समस्या को शासन–प्रशासन तक मजबूती से पहुंचाना है। नवीन दुबे ने कहा कि वर्ष 2000 में जन्मा युवा आज 26 वर्ष का हो चुका है, लेकिन उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद उसे अपने ही जनपद में रोजगार नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने चिंता जताई कि यदि यही स्थिति रही तो जिले से युवाओं का पलायन बढ़ेगा और भविष्य में बुजुर्गों की देखभाल करने वाला भी कोई नहीं बचेगा। उन्होंने जिले में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए विशेष औद्योगिक जोन बनाने की मांग उठाई और जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे विधानसभा और लोकसभा में इटावा के विकास और रोजगार से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दें। आंदोलन के तहत जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को 20 सूत्रीय ज्ञापन भेजा जाएगा। इसमें महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट, सभी सरकारी कार्यालयों को एक परिसर में लाने, तहसील स्थल पर मल्टी लेवल पार्किंग, और इटावा व आसपास के क्षेत्रों को औद्योगिक जोन घोषित करने जैसी मांगें शामिल हैं। शहर की बदहाल स्वास्थ्य और स्वच्छता व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि जल शोधन प्लांट के अभाव में पीने का पानी दूषित हो रहा है और बंद पड़ी सीवर लाइनों के कारण भूजल भी प्रभावित हो रहा है। विकास के ठोस विजन को सामने रखते हुए अधिवक्ताओं के लिए कचहरी में मल्टी लेवल चौंबर्स और अधिवक्ता क्लब निर्माण की बात कही गई। साथ ही शिक्षित युवाओं को उद्योग स्थापित करने के लिए भूमि आवंटन और आसान ऋण सुविधा देने का सुझाव दिया गया, जिसकी अदायगी उद्योग शुरू होने के पांच साल बाद न्यूनतम ब्याज पर हो। उन्होंने भरोसा जताया कि यदि इटावा में एथेनॉल और आलू पाउडर जैसे उद्योग स्थापित किए जाएं, तो यह जिला देश के प्रमुख औद्योगिक नगरों में शामिल हो सकता है। अंत में उन्होंने स्पष्ट किया कि 4 अप्रैल का यह आयोजन पूरी तरह गैर–राजनीतिक है और सभी वर्गों से अपील की कि वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर इस रैली में शामिल होकर 'न्यू इटावा' के संकल्प को मजबूत करें।




## अदालती नोटिस

समन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर

वाद सं– 921

सन् 2024 ई०

श्रीमती स्टेट बैंक संस्थापित अन्तर्गत स्टेट बैंक आफ इण्डिया अधिनियम 1955 स्थानीय प्रधान कार्यालय स्थित मोती महल मार्ग लखनऊ की शाखा फतेहपुर सिटी फतेहपुर, द्वारा श्री कमलेश सिंह शाखा प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, शाखा फतेहपुर सिटी फतेहपुर।

....बनाम...........

1.श्रीमती अंचल गुप्ता आयु करीब 34 वर्ष पत्नी श्री कुलदीप कुमार गुप्ता निवासिनी मकान नं0 376/337 मोहल्ला आबूनगर शहर फतेहपुर मो0 नं0– 9415482613

........ऋणी

2.श्री कुलदीप कुमार गुप्ता आयु करीब 37 वर्ष पुत्र श्री रामखेलावन गुप्ता निवासी मकान नं0 376/337 मोहल्ला आबूनगर शहर फतेहपुर।

........जमानतदार

हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 09 माह 04 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख माह सन् ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम

न्यायलय सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर।

# सीएम युवा योजना से स्वरोजगार का अवसर

## - पांच लाख तक ब्याज मुक्तऋण, युवाओं को मिलेगा सहारा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा जानकारी दी गई है कि उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी सीएम युवा योजना के तहत युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर खोले गए हैं। योजना का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर छोटे उद्योगों और सेवा केन्द्रों को बढ़ावा देना है, ताकि युवा रोजगार मांगने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बन सकें। योजना के अंतर्गत युवा अपनी रुचि के अनुसार विभिन्न प्रकार के कार्य शुरू कर सकते हैं। इसमें .षि आधारित उद्योग जैसे आटा चक्की, तेल स्पेलर, मसाला पिसाई, दाल मिल, महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्य जैसे ब्यूटी पार्लर, सिलाई–कढ़ाई, बुटीक, टेडी बियर निर्माण, तकनीकी एवं सेवा क्षेत्र में मोबाइल रिपेयरिंग, कंप्यूटरध साइबर कैफे, फोटोकॉपी की दुकान तथा निर्माण इकाइयों में दोना–पत्तल, अगरबत्ती, फर्नीचर और वेल्डिंग वर्कशॉप शामिल हैं। योजना के लिए पात्रता के तहत आवेदक की आयु 21 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा 8 उत्तीर्ण निर्धारित है। इंटरमीडिएट या समकक्ष अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी। योजना के अंतर्गत अधिकतम 5 लाख रुपये तक का ऋण बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा, जो 4 वर्षों तक पूर्णतः ब्याज मुक्त रहेगा। साथ ही कुल परियोजना लागत का 10 प्रतिशत अनुदान विभाग द्वारा दिया जाएगा। लाभार्थियों को अपनी श्रेणी के अनुसार अंशदान जमा करना होगा, जिसमें सामान्य वर्ग के लिए 15 प्रतिशत, ओबीसी के लिए 12.5 प्रतिशत तथा एससीध एसटीधदिव्यांग वर्ग के लिए 10 प्रतिशत निर्धारित है। इसके अतिरिक्त योजना में 6 माह की राहत अवधि (मोराटोरियम) भी दी गई है, जिसमें किश्त जमा न करने पर भी छूट मिलेगी। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह नि:शुल्क है और इच्छुक अभ्यर्थी उेउम.नच.हवअ.पद पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। प्रोजेक्ट रिपोर्ट भी पोर्टल पर 24 से 48 घंटे के भीतर नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाती है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि आवेदक किसी भी बिचौलिए के चक्कर में न पड़ें और सीधे जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, एसडी फील्ड, इटावा कार्यालय में संपर्क कर जानकारी प्राप्त करें। योजना के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए जनपद को 'समृद्ध इटावा' बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आरक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

**गाड़ी सं. 04052/04051 नई दिल्ली - हावड़ा आरक्षित विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी संख्या - 04052 | | | गाड़ी संख्या - 04051 | |
|---|---|---|---|---|
| नई दिल्ली - हावड़ा | | | हावड़ा - नई दिल्ली | |
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ----- | 18:15 | नई दिल्ली | 08:20 | ----- |
| 21:50 | 21:52 | अलीगढ़ | 02:10 | 02:12 |
| 22:58 | 23:00 | टूण्डला | 00:58 | 01:00 |
| 02:10 | 02:15 | गोविन्दपुरी | 21:55 | 22:00 |
| 06:10 | 06:15 | प्रयागराज | 18:40 | 18:45 |
| 07:58 | 08:00 | मिर्ज़ापुर | 16:38 | 16:40 |
| 23:40 | ----- | हावड़ा | ----- | 01:40 |

• **नई दिल्ली से** गाड़ी संख्या 04052, शुक्रवार, **दिनांक** : 17.04.2026 से 15.05.2026 एवं 29.05.2026 से 10.07.2026 • **हावड़ा से** गाड़ी संख्या 04051, रविवार, **दिनांक** : 19.04.2026 से 17.05.2026 एवं 31.05.2026 से 12.07.2026

**गाड़ी संरचना :** वातानुकुलित तृतीय श्रेणी : 02, स्लीपर श्रेणी : 08, सामान्य श्रेणी : 04

**गाड़ी सं. 04062/04061 दिल्ली - भागलपुर आरक्षित विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी संख्या - 04062 | | | गाड़ी संख्या - 04061 | |
|---|---|---|---|---|
| दिल्ली - भागलपुर | | | भागलपुर - दिल्ली | |
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ----- | 11:45 | दिल्ली | 20:10 | ----- |
| 13:48 | 13:50 | अलीगढ़ | 14:58 | 15:00 |
| 15:15 | 15:17 | टूण्डला | 12:00 | 12:02 |
| 19:20 | 19:25 | गोविन्दपुरी | 09:15 | 09:20 |
| 22:45 | 22:50 | प्रयागराज | 06:30 | 06:35 |
| 13:30 | ----- | भागलपुर | ----- | 16:30 |

• **दिल्ली से** गाड़ी संख्या 04062, मंगलवार, **दिनांक** : 21.04.2026 से 14.07.2026
• **भागलपुर से** गाड़ी संख्या 04061, बुधवार, **दिनांक** : 22.04.2026 से 15.07.2026

**गाड़ी संरचना :** वातानुकुलित द्वितीय श्रेणी : 01, वातानुकुलित तृतीय श्रेणी : 01, स्लीपर श्रेणी : 10, सामान्य श्रेणी : 04

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाईन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @CPRONCR | 725/26 (AS)



# न्यूज़ वाणी

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध

समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें

सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि

09451548620, 9451180488

# मेट्रोमोनियल साइट के जरिए धोखाधड़ी करने वाले अंतर्राज्यीय गैंग का खुलासा

## - पकड़े गए जालसाजों में तीन पुरूष व तीन महिलाएं शामिल, -मास्टरमाइंड अमित की तलाश में की जा रही छापेमारीः एसपी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले की साइबर क्राइम पुलिस ने एसपी अभिमन्यु मांगलिक के दिशा–निर्देशन में मेट्रोमोनियल साइट के नाम पर शादी कराने का झांसा देकर काल सेंटर के जरिए आम जनमानस से वित्तीय धोखाधड़ी में शामिल अंतर्राज्यीय गिरोह के छह अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बड़ी संख्या में मोबाइल फोन, सिम व कम्प्यूटर आदि बरामद किया है। एसपी ने पुलिस टीम को पंद्रह हजार रूपए के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत करते हुए उत्साहवर्धन किया है। बुधवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए दस दिन पूर्व जिले की कमान संभालने वाले युवा पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि प्रतिबिंब पोर्टल पर प्रदर्शित संदिग्ध मोबाइल नंबरों की साइबर क्राइम पुलिस द्वारा 31 मार्च को जांच/सत्यापन के क्रम में एकत्रित अभिलेखीय/इलेक्ट्रानिक सबूतों के आधार पर राधानगर थाने के अंतर्गत देवीगंज मुहल्ले में किराये के मकान में मेट्रोमोनियल साइट के नाम पर शादी कराने का झासा देकर काल सेंटर के जरिए आम जनमानस से वित्तीय धोखाधड़ी करने वाले काल सेंटर का भंडाफोड़ कर साइबर क्राइम



पुलिस थाने पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। इनमें आदित्य यदु पुत्र धर्मेन्द्र यदु निवासी ग्राम पसीद पोस्ट बिटकुली थाना करही बाजार जनपद बदोदा बाजार छत्तीसगढ़ हाल पता टीचर्स कालोनी हरिहरगंज थाना कोतवाली, अनिल कुमार पुत्र बाला प्रसाद निवासी नहेड़ी पोस्ट लश्करपुर थाना कोरावल जनपद राजगढ़ मध्य प्रदेश हाल पता उपरोक्त, दिनेश कुमार बंजारे पुत्र कौशल प्रसाद बंजारे निवासी ग्राम डोंगरी डीह पोस्ट अमलेडी थाना मॉल खरौंदा छत्तीसगढ़, हाल पता मकान नं0 108/52 ए आरके नगर थाना सीसामऊ कानपुर नगर व नीलम पुत्री हीरालाल निवासी ग्राम हरियापुर थाना ललौली, तनु शर्मा पुत्री अरविन्द कुमार निवासी बहुआ पुलिया थाना राधानगर, श्रेया मिश्रा पुत्री राजेश कुमार शर्मा निवासी ग्राम कांधी थाना मलवां शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों ने बताया कि उन लोगों द्वारा यहां पर यूनिक रिश्ते काम वेबसाइट के माध्यम से शादी के इच्छुक महिला व पुरूषों के मोबाइल नंबर प्राप्त किए जाते थे। उन नंबरों पर काल करके उन्हें अलग–अलग पैकेज के आफर दिए जाते थे और क्यूआर कोड के माध्यम से बैंक खातों में पैसे लिए जाते थे। इन लोगों ने बताया कि उनके पास 2999 रूपए से लेकर 29999 तक की पांच श्रेणियों के आफर थे। इसके बाद इच्छुक व्यक्तियों को वाट्सएप के जरिए लड़के/लड़कियों के फोटो भेजे जाते थे। फोटो पसंद आने पर एक मोबाइल नंबर उपलब्ध कराया जाता था, जिस पर वह बात करते थे। पकड़े गए जालसाजों ने बताया कि यह काल सेंटर यहां पर पिछले 18 माह से चलाया जा रहा है। आगरा निवासी अमित कुमार के सहयोग से फर्म का पंजीकरण कराया गया और कंपनी संचालन हेतु आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई। अक्टूबर 2024 से नियमानुसार कर्मचारियों की नियुक्ति कर बड़े स्तर पर संचालित करना शुरू किया। हम लोगों का मुख्य उद्देश्य शादी के इच्छुक व्यक्तियों को ठगना था। अमित कुमार हमें लड़कियों के फर्जी फोटो व मोबाइल नंबर उपलब्ध कराता था। इस काम के लिए सिम कार्ड कानपुर की नंदनी नाम की महिला जो एयरटेल कंपनी कानपुर में कर्मचारी है, उसके माध्यम से उपलब्ध कराए जाते थे। शादी के इच्छुक व्यक्तियों को फर्जी फोटो और नंबर देते थे उसके बदले प्राप्त धनराशि से कर्मचारियों का वेतन देने के बाद शेष रकम अमित, अनिल और सभी लोग आपस में बांट लेते थे। इस तरह हम लोग जनता के साथ साइबर वित्तीय ठगी करते थे। कंपनी के नाम से विभिन्न बैंकों में लगभग छह खाते संचालित हैं। यह भी बताया कि हम लोग एक–दो बार फर्जी लड़कियों से बात कराकर विश्वास जीतते थे और पैसा प्राप्त होने के बाद संबंधित व्यक्तियों से संपर्क बंद कर देते थे। इस अवैध कारोबार में हम लोगों को अच्छी कमाई होती थी। छह माह पहले तनु शर्मा के नाम से बैंक खाता खुलवाकर उसे लेन–देन के संचालन का काम सौंपा गया था। हमारा सहयोगी दिनेश बंजारा भी कानपुर के थाना सीसामऊ अंतर्गत हीरागंज मुहल्ले में शुभ मंगल जोड़ी के नाम से ऐसी ही एक फर्म चलाता है। पकड़ी गई नीलम और श्रेया टीम लीडर की भूमिका में काम करती थीं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गैंग का मास्टरमाइंड अमित है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें प्रयास कर रही हैं जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होने बताया कि एनआरपी पोर्टल पर 17 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जो छत्तीसगढ़, हिमांचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली, बिहार, गुजरात की हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम की अगुवई सीओ अपराध प्रगति यादव ने की थी। जबकि टीम में साइबर क्राइम थाने के प्रभारी निरीक्षक मो0 कमर खान, उपनिरीक्षक रणधीर सिंह, मुख्य आरक्षी सुमेश कुमार, आरक्षी अभिषेक कुमार, अरूण कुमार, शुभेन्दु रंजन व महिला आरक्षी सुगंध शामिल हैं।

# पति की बेवफाई पर एसपी से की शिकायत

न्यूज वाणी ब्यूरो/खागा, फतेहपुर। कोतवाली क्षेत्र से एक महिला द्वारा अपने पति पर दूसरी शादी करने का गंभीर आरोप लगाने का मामला सामने आया है। ग्राम पांभीपुर निवासी सरोज देवी ने प्रशासन को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता के अनुसार, उसके पति रंग बहादुर शहर में काम करने के बहाने



रहते थे। इसी दौरान उन्होंने आशा देवी नामक महिला को अपने साथ भगा ले जाकर उससे शादी कर ली। सरोज देवी का आरोप है कि इस पूरे मामले में कुछ अन्य लोगों ने भी सहयोग किया। महिला ने बताया कि उसके दो बेटियां हैं, लेकिन पति न तो घर खर्च दे रहा है और न ही बच्चों की पढ़ाई–लिखाई में कोई सहयोग कर रहा है। इसके विपरीत, वह दूसरी महिला के साथ रहकर परिवार की अनदेखी कर रहा है, जिससे उसे आर्थिक और सामाजिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पीड़िता ने यह भी बताया कि उसने 17 मार्च को थाना खागा में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे निराश होकर उसने उच्च अधिकारियों से न्याय की मांग की है। सरोज देवी ने प्रशासन से अपील की है कि उसके पति और इस मामले में शामिल अन्य लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि उसे और उसके बच्चों को न्याय मिल सके।

# युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के रामगंज पक्का तालाब में मंगलवार की दोपहर 35 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार रामगंज पक्का तालाब निवासी दिनेश का पुत्र शिवकुमार ने मंगलवार की दोपहर जहर खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगडने लगी तो परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज करा रहे परिजनों बताया कि शिवकुमार की जेब से सुसाइट नोट निकला जिसमें उसने महिला समेत दो पर जबरन पैसा ऐढने का आरोप लगाया। हालांकि पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है। वहीं इलाज कर रहे चिकित्सक डा0 अमन गुप्ता ने बताया कि शिवकुमार को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। हालाकि उसकी हालत में सुधार है।

## अदालती नोटिस

( आदेश 5 नियम कायदा 1 व 5 )

न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर

नं0 मु0– 32

सन् 2026 ई०

1.मोहम्मद सलमान उम्र करीब 45 साल 2. मोहम्मद कामरान उम्र करीब 30 साल पुत्रगण मकसूद अली 3. मोहम्मद अली उम्र करीब 25 साल पुत्र उस्मान अली निवासीगण 38. जोशियाना शहर व जिला फतेहपुर।

...........वादीगण

....बनाम...........

1.मोहम्मद नजर खां उम्र करीब 30 साल पुत्र नसीम मुन्शी

2.मोहम्मद बशर उर्फ मुनारू उम्र करीब 25 वर्ष पुत्र नसीम मुन्शी

3.मोहम्मद अमान खां उम्र करीब 20 वर्ष पुत्र नसीम मुन्शी

4.जावेद खां उम्र करीब 30 वर्ष पुत्र छंगा (लस्सी वाले)

5.परवेज खां उम्र करीब 30 वर्ष पुत्र छंगा (लस्सी वाले)

6.मोहसिन खां उम्र करीब 35 वर्ष पुत्र इकबाल समस्त निवासीगण मोहल्ला जोशियाना शहर व जिला फतेहपुर।

........प्रतिवादीगण

हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 12 माह 04 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख माह सन् ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम

न्यायलय सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर।

## पोर्टल में रजिस्ट्रेशन कराएं कीटनाशी विक्रेता

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि अपर .षि निदेशक (.षि रक्षा) .षि भवन लखनऊ एवं .षि निदेशालय के पत्र के क्रम में जनपद में संचालित समस्त कीटनाशी विक्रेताओं का भारत सरकार .षि एवं किसान कल्याण मंत्रालय . षि एवं किसान कल्याण विभाग . षि भवन नई दिल्ली द्वारा एकी. त कीटनाशी प्रबंधन प्रणाली पोर्टल के सफल संचालन हेतु आईपीएमएस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करें। समस्त कीटनाशी विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि आईपीएमएस पोर्टल पर तीन अप्रैल तक रजिस्ट्रेशन कराएं अन्यथा की स्थिति में कीटनाशी लाइसेंस निलंबन/निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

# स्कूलों का ताला तोड़कर सामान चुराने वाले गैंग के पांच शातिर गिरफ्तार

## - चोरी का माल व औजार बरामद, पुलिस टीम को 15 हजार का एसपी ने दिया ईनाम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले में स्कूलों का ताला तोड़कर सामान चुराने वाले गैंग का गाजीपुर पुलिस, इंटेलीजेंस व एसओजी की संयुक्त टीम ने खुलासा करते हुए पांच



शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का सामान व चोरी करने में इस्तेमाल किए जाने वाले औजारों को बरामद किया है। पुलिस की इस सफलता से गदगद नवागंत पुलिस कप्तान अभिमन्यु मांगलिक ने पुलिस टीम को 15 हजार रूपए का ईनाम देकर हौसला अफजाई की है। घटना का विवरण देते हुए पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि 20 मार्च को कंपोजिट विद्यालय सोनवरसा, बहुआ की प्रधानाध्यापिका आभा रानी ने तहरीर देकर बताया था कि बीस मार्च की मध्य रात्रि में अज्ञात चोरों ने विद्यालय में घुसकर कार्यालय तथा सभी कमरों का ताला तोड़कर कम्प्यूटर सिस्टम, रसोई का सामान आदि चुरा ले गए थे। इस पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। इसी विद्यालय में पुनः 30 मार्च की रात को भी चोरों ने चोरी कर ली थी। पुलिस अधीक्षक ने इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए इलाका पुलिस इंटेलीजेंस व एसओजी की संयुक्त टीम को घटना का पर्दाफाश करने की जिम्मेदारी सौंपी थी। एसपी के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र पाल के पर्यवेक्षण, सीओ जाफरगंज प्रगति यादव के नेतृत्व में पुलिस टीमें चोरों की तलाश में जुटी हुई थीं। बुधवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर संयुक्त टीम द्वारा सदर कोतवाली क्षेत्र के शांतीनगर मुहल्ले में स्थित अंशू सोनी के मकान में किराए पर रहने वाले राकेश विश्वकर्मा को पकड़ लिया। जहां पर चोरी का सामान बांटने की तैयारी करते हुए चार अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया। पकड़े गए चोरों ने अपने नाम राकेश विश्वकर्मा निवासी ग्राम रमवां थाना राधानगर, अरविन्द कुमार निवासी मुहल्ला लोधीगंज, वीरेन्द्र कुमार लोधी निवासी मिट्ठनपुर खुराना, सुरेश कुमार निवासी मिट्ठनपुर खुराना तथा गुलाम रसूल निवासी मोहल्ला घोसियाना थाना कोतवाली बताया। इनके कब्जे से चोरी के छह बड़े गैस सिलेंडर, दो छोटे गैस सिलेंडर, एक मानीटर, दो यूपीएस, एक सीपीयू, एक कीबोर्ड, एक माउस, एक वाईफाई माडम, दो चार्जर, एक प्रोजेक्टर सेट, चार प्लास, दो बड़े स्क्रूडाइवर, दो मल्टी स्क्रूडाइवर सेट, दो पतली छोटी तिकोनी रेतियां, दो लोहे का सब्बल, आरी, एक गैस पाइप मय रेग्यूलेटर, एक हथोड़ी, एक छोटे चौन युक्त थैले में ग्यारह चाभिया, एक सोल्डरिंग आयरन, एक एलईडी मानीटर, एक इलेक्ट्रिक तराजू, दो मिक्सी, दो ड्रिल मशीन, एक हैंडप्रेशर जूस बाउल, 15 सीलिंग फैन, एक कोकर, एक जग, चार छोटे–बड़े कलछुल, एक स्टील का डिब्बा मय ढक्कन, दो छोटी बड़ी छन्नियां, एक चाकू, चार स्टील के गिलास, दो मिक्सर जार, तीन स्टील के कटोरे, दो स्टील के छोटे डिब्बे, एक चार प्लास्टिक की प्लेटे, एक स्टील की बड़ी थाली, एक लकड़ी काटने की छोटी आरी, तीन रस्सियां और दो रिंच बरामद किए हैं। एसपी ने बताया कि पकड़े गए सभी शातिर किस्म के हैं। राकेश के खिलाफ ग्यारह, अरविन्द, वीरेन्द्र कुमार लोधी, सुरेश कुमार लोधी व गुलाम रसूल के खिलाफ सात–सात मुकदमें विभिन्न थानों में दर्ज हैं। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष गाजीपुर हनुमान प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक अरविंद कुमार मौर्य, इंटेलीजेंस विंग के प्रभारी उपनिरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा तथा एसओजी के उपनिरीक्षक सतपाल सिंह सहित अन्य आरक्षी शामिल हैं।

# करंट की चपेट में आकर विद्युत संविदा कर्मी की मौत

## – परिजनों ने लापरवाही का आरोप मढ़ मार्ग पर रोका यातायात

न्यूज वाणी ब्यूरो

चौडगरा, फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के अल्लीपुर मोड़ के समीप बिंदकी चौडगरा मार्ग में बुधवार को हाईटेंशन लाइन के खंभे में चढ़कर काम करते समय अचानक विद्युत आपूर्ति चालू कर देने से विद्युत संविदा कर्मचारी नोखेलाल राजपूत 40 वर्ष पुत्र नेपाली राजपूत निवासी ग्राम मौहार थाना कल्यानपुर की करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया और खंभे से नीचे गिर गया। करंट के चपेट में आने से विद्युत संविदा कर्मचारी नोखेलाल राजपूत की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने विद्युत विभाग के जिम्मेदारों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया और लगभग बीस मिनट तक यातायात रुकवा दिया। इस दौरान महिलाएं सड़क पर बैठ प्रदर्शन करने लगीं। जानकारी पर थाना प्रभारी कल्यानपुर सुमित देव पाण्डेय व चौडगरा चौकी इंचार्ज संजय सिंह परिहार मौके पर पहुंचे। परिजनों को समझा बुझाकर यातायात सुचारू रूप से शुरू करवाया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मार्च्युरी भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक नोखेलाल राजपूत तेंदुली फीडर के अंतर्गत विद्युत संविदा कर्मचारी था। थाना प्रभारी कल्यानपुर सुमित देव पाण्डेय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। यातायात सुचारू रूप से चालू है। अन्य विधिक कार्यवाही नियमानुसार की जाएगी।

# खेत में बेहोश मिली वृद्धा महिला की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के लच्छीरामपुर गांव में मंगलवार को एक 70 वर्षीय वृद्ध महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य संकलित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार लच्छीरामपुर निवासी सुमित्रा देवी 70 वर्ष पत्नी स्वर्गीय राम.पाल लोधी मंगलवार सुबह अपने खेत पर गई थीं। जहां उन्होंने कुंदरू की फसल बो रखी थी। करीब सुबह 11 बजे वह खेत में ही बेहोशी की हालत में पड़ी मिलीं। खेत की ओर गए ग्रामीणों ने उन्हें देखा और तत्काल परिजनों को सूचना दी। परिजन आनन–फानन में उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतका के परिवार में तीन पुत्र व तीन पुत्रियां हैं, जिनमें बड़े पुत्र की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष हनुमान प्रताप सिंह सूर्यवंशी ने बताया कि प्रथम .ष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। मामले की गहन जांच की जा रही है।

# जिला सैनिक बंधु की बैठक छह को

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी अवकाश प्राप्त कर्नल दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि छह अप्रैल को अपरान्ह बारह बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बन्धु की बैठक का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में होगा। जिन भूतपूर्व सैनिकों/दिवंगत सैनिकों की जो भी समस्या है, अपना प्रार्थना पत्र चार प्रतियों में तैयार कर चार अप्रैल तक कार्यालय में जमा कर दें। 06 अप्रैल को जिलाधिकारी के समक्ष इस कार्यालय द्वारा जारी परिचय पत्र के साथ स्वयं उपस्थित होकर निस्तारण कराये जाने हेतु उपस्थित रहें। न्यायालय में लम्बित मामलों/शिकायतों को बैठक में प्रस्तुत न किया जाये।

# कंपोजिट स्कूल ढोड़ियाही में नए सत्र का शुभारंभ

## – बच्चों का रोली चंदन से हुआ टीकाकरण, निकाली रैली

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। विकास खंड क्षेत्र के कंपोजिट स्कूल ढोड़ियाही में बुधवार को नए शैक्षिक सत्र 2026–27 का शुभारंभ बड़े उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में बच्चों का रोली–चंदन से टीकाकरण कर उनका स्वागत किया गया, जिससे माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो गया। कार्यक्रम के तहत




स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत ग्राम प्रधान सुरेंद्र तिवारी एवं एसएमसी अध्यक्ष संतोष कुमार के नेतृत्व में गांव व बस्तियों में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में बच्चों ने हाथों में बैनर और स्लोगन लेकर लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। विद्यालय में नव प्रवेशी बच्चों को पहले आओ, पहले पाओ योजना के तहत स्कूल बैग वितरित किए गए। बैग पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। साथ ही ग्राम प्रधान द्वारा बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें भी वितरित की गईं। इस दौरान अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें बच्चों की नियमित उपस्थिति और शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका साधना सचान, शिक्षक शाहिद सहित समस्त स्टाफ, छात्र–छात्राएं एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# ठगी पीड़ितों का दर्द सुनने धरनास्थल पहुंचे बिंदकी विधायक

## – पीड़ितों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन, भुगतान की उठाई मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में ठगी के शिकार हुए जमाकर्ताओं का आंदोलन अब 20 वें महीने में प्रवेश कर चुका है। नहर कॉलोनी परिसर में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे पीड़ितों का दर्द सुनने के लिए बुधवार को बिंदकी विधायक जय कुमार सिंह जैकी पहुंचे। पीड़ितों ने एक ज्ञापन सौंपकर मांग किया कि केंद्र सरकार द्वारा लागू अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम (बड्स एक्ट 2019) के तहत चिटफंड कंपनियों से फंसी उनकी जमा पूंजी वापस कराई जाए। विधायक ने आश्वासन दिया कि उनकी मांग को पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा।

विधायक को दिए गए ज्ञापन में आंदोलनकारियों का आरोप है कि जिलाधिकारी कार्यालय में भुगतान के लिए आवेदन पटल तो खोला गया है, लेकिन वहां भारी अनियमितताएं हो रही हैं। संगठन के अनुसार अब तक करीब 20 लाख आवेदन जमा हो चुके हैं, फिर भी न तो आवेदकों को सही रिसीविंग दी जा रही है और न ही आवेदन का क्रमांक व्यवस्थित तरीके से दर्ज किया जा रहा है। इससे निवेशकों में भारी असंतोष व्याप्त है। धरनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि पिछले 19 महीनों से उन्हें केवल आश्वासन ही



मिल रहा है। कई बार अधिकारियों को लिखित रूप से शिकायत दी गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आंदोलन में बड़ी संख्या में महिलाएं और बुजुर्ग भी शामिल हो रहे हैं, जिनके लिए मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। आंदोलनकारियों ने यह भी बताया कि नहर कॉलोनी परिसर में साफ–सफाई, पेयजल, चिकित्सा सुविधा और मोबाइल टॉयलेट जैसी जरूरी व्यवस्थाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। इस संबंध में नगर पालिका, सांसद और स्थानीय विधायक को कई बार ज्ञापन दिया गया, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। संगठन ने बिंदकी विधायक से अपील करते हुए कहा है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों की कार्यप्रणाली की जांच कराई जाए और सभी आवेदनों को सही ढंग से दर्ज कर निवेशकों को जल्द से जल्द भुगतान दिलाया जाए। इस मौके पर राष्ट्रीय संरक्षक सूरजदीन विश्वकर्मा, जिलाध्यक्ष अम्बिका प्रसाद, हरिओम प्रजापति, राकेश कुमार, प्रदीप कुमार, लवकेश कुमार, जगदीश, चन्द्रशेषर प्रजापति, शिवमोहन, गोरेलाल सिंह, राम प्रकाश मौर्य, सहदेव, भागीरथ आदि मौजूद रहे।

# फांसी लगा युवक ने दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिन्दकी कोतवाली के सरांय खजुहा में मंगलवार की रात 45 वर्षीय नशेड़ी ने पंखे से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार सरांय खजुहा निवासी स्व0 रामनरायन उत्तम का पुत्र धर्मेन्द्र उत्तम ने घर के अन्दर पंखे में रस्सी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिजनों की नजर पड़ी तो घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्ट मार्टम हाउस में मृतक का भाई जितेन्द्र ने बताया कि उसका भाई शराब पीने का आदी था। घर वालों ने काफी समझाया लेकिन उसने किसी की बात न मानी और शराब के नशे में ही उसने फांसी लगाकर जान दे दी।

# डिप्टी सीएम के हाथों सम्मानित हुए रेडक्रास चेयरमैन

## – डा. अनुराग के कार्यो का किया उत्साहवर्धन

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। शहर के चौधराना निवासी इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन व कार्यकारिणी सदस्य उत्तर प्रदेश डॉ अनुराग श्रीवास्तव को वार्षिक बैठक में एक बार पुनः रेडक्रास भवन लखनऊ में उपमुख्यमंत्री/सभापति इंडियन रेडक्रास सोसाइटी बृजेश पाठक ने उत्कृष्ट सेवा सम्मान से प्रशस्ति पत्र व शाल भेंटकर सम्मानित किया। डॉ अनुराग को पूर्व



में भी राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा उत.ष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। उपमुख्यमंत्री ने डॉ अनुराग द्वारा समाजहित व संस्था हित में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों हेतु उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही उपसभापति अमरनाथ मिश्र व महासचिव रामानंद कटियार द्वारा अंगवस्त्र व पुष्प भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के 75 जिलों के चेयरमैन व सचिव उपस्थित रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )